# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




बारामूला में पाकिस्तान की गोलाबारी में घरों को नुकसान पहुंचा



पंजाब के होशियारपुर में पाक की मिसाइल





जैसलमेर में पाक का जिंदा बम मिला

## पाकिस्तान की खुली पोल...लेह से सर क्रीक तक घुसपैठ की कोशिश, पाक सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की नीयत से पूरी पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया

OPERATION SINDOOR

जय हिंद - जय भारत

दूसरे दिन पाक ने फिर की हिमाकत... भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब


# जम्मू, सांबा, पठानकोट, अमृतसर और जैसलमेर में पाकिस्तान के ड्रोन मार गिराए

### भारतीय वायुसेना वे बेहद संयमित और जिम्मेदारी से दिया जवाब


- पाकिस्तान ने 4 राज्यों में 26 शहरों में ड्रोन से अटैक किए गए
- भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का असफल प्रयास किया
- पाक ने बंद नहीं किए नागरिक हवाई अड्डे, उनको बनाया ढाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए। शुक्रवार को शाम होते ही जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टर उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम, आरएसपुरा, अरनिया और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी। रात 8:30 बजे के बाद पाकिस्तान ने 4 राज्य गुजरात, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के 20 शहरों पर ड्रोन अटैक किए गए। ये वो शहर हैं जहां पर की भारतीय सेना के कई ठिकाने हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी



हमला किया गया। अवंतीपोरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन अटैक को नाकाम किया गया। यहां बड़ा धमाका सुना गया। उधर, चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की





शुक्रवार रात 9:10 मिनट पर भारत-पाक एयरस्पेस में उड़ रहे विमानों की स्थिति

चेतावनी दी गई है। फिरोजपुर के गांव खाई सेमा में ड्रोन एक घर पर गिर गया। कुछ गाड़ियां जल गईं और कई लोग झुलस गए। जम्मू-कश्मीर के जम्मू, सांबा, राजौरी, अवंतीपोरा, पुंछ, कुपवाड़ा, श्रीनगर, बारामूला, पंजाब के फिरोजपुर, फाजिल्का, अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, करतारपुर, बठिंडा, राजस्थान के जैसलमेर, श्रीगंगानगर, पोकरण, बाड़मेर और गुजरात के कच्छ में ड्रोन से हमले किए गए हैं। भारत पर ड्रोन हमले के दौरान पाकिस्तान के एयरस्पेस में 11 पैसेंजर फ्लाइट्स उड़ रहीं थीं ताकि भारत जवाबी हमला न करे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

36 शहरों को निशाना बनाने की थी कोशिश
300 से 400 दागे थे तुर्किये के ड्रोन

## 'तुर्किये' निकला पाक का मददगार भारत करेगा अब और प्रचंड प्रहार

- ड्रोन के मलबों की फोरेंसिक जांच में तुर्किये के कनेक्शन का खुलासा
- जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान व गुजरात के शहर थे निशाने पर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाकिस्तान की कायरना हरकतों को लेकर विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और इरादों का पर्दाफाश कर दिया।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह 8 से 9 मई की रात की पाकिस्तान के हमलों की जानकारी दी। इस दौरान सबसे बड़ी खुलासा यह हुआ कि पाकिस्तान ने अतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन से घुसपैठ की कोशिश की। ये ड्रोन तुर्किये के बताए जा रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से भारतीय इलाकों में हमला किया। इस तनाव की स्थिति और भारत के पलटवार की संभावना के बावजूद भी पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। वह उसका इस्तेमाल ढाल के तौर पर कर रहा है। हमने जवाबी कार्रवाई कर उसका एक और एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

रक्षा मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सेनाप्रमुख हुए शामिल

## पीएम मोदी ने की उच्च-स्तरीय बैठक सुरक्षा हालात का लिया जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाक तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आवास सात लोककल्याण मार्ग पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाप्रमुख शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री को मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने तीनों सेनाओं की मुस्तैदी से बनी हुई



तैनाती के बारे में भी पीएम को बताया। पीएम मोदी ने बैठक में सेना, नौसेना और वायुसेनाप्रमुख को उच्च स्तर की सक्रियता के साथ दुश्मन की हर हरकत पर पैनी नजर बनाए रखने और उसके प्रत्येक कुटिल प्रयास को तुरंत नाकाम करने ▶▶ शेष पेज 5 पर

सरकार ने सेनाप्रमुख को दिया परंपरागत सेना के कर्मियों की तैनाती का अधिकार

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ रहा तनाव

## रक्षा मंत्री ने की सीडीएस और तीनों सेनाप्रमुखों संग बैठक, परखी सुरक्षा तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के माहौल में शुक्रवार को भी राजधानी में उच्च-स्तरीय बैठकों की कवायद जारी रही। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में साउथ ब्लॉक में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समीक्षा बैठक हुई। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल



चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। वहीं, सूत्रों ने बताया कि बैठक में रक्षा मंत्री ने देश के शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ मौजूदा दौर में बने हुए सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक आधार पर समीक्षा की। साथ ही सभी से दुश्मन के खिलाफ हाईअलर्ट की मुद्रा तैनाती पर रहने के लिए जोर दिया। उधर, जम्मू, सांबा, पठानकोट और अमृतसर में कुछ पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने का दावा किया गया है, जिन पर भारत की हवाई रक्षा प्रणाली की नजर बनी हुई है। यहां बता दें कि रक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा, हमारी जनता को खाद्यान्न की कमी नहीं आएगी, हमने खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की है

जम्मू-कश्मीर, पंजाब जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा करेंगे, अधिकारियों के स्तर पर होगी बात

## देश में अन्न के भंडार भरे हैं, दालों का भी बफर स्टाक है, किसी चीज की कोई कमी नहीं: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में शिवराज सिंह ने कहा कि भारत माता के चरणों में सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए पूरा देश तत्पर है। एक तरफ सीमा पर हमारे जवान तैनात है, पाकिस्तान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। चौहान ने कहा कि कृषि विभाग के नाते



हमारी भी जिम्मेदारी है। हमारी जवाबदारी है खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करना। गेहूं, चावल व अन्य अनाज हमारे पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है, किसानों से खरीद भी जारी है। कल ही हमने खरीफ कांफ्रेंस में भी विस्तार से चर्चा करके खेती के संबंध में रूपरेखा निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि खेतों में किसान तैयार है, उनके साथ वैज्ञानिक और कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय भी अपनी ड्यूटी समझते हुए पूरी तरह से तैयार है। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगा। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन तथा उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारे देश का संकल्प है। आतंकवादियों को हम नहीं छोड़ेंगे, उनके ठिकाने, उनके अड्डे तबाह करने के लिए कड़ी कार्रवाई की गई है। हमने नागरिकों को निशाना नहीं बनाया है, लेकिन पाकिस्तान जिस तरह से नापाक हरकत कर रहा है, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मंत्री नड्डा ने आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारियों पर उच्चस्तरीय समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। आपातकालीन मामलों से निपटने के लिए चिकित्सा तैयारियों की वर्तमान स्थिति के बारे में उन्हें जानकारी दी गई। उन्हें एम्बुलेंस की तैनाती, उपकरण, दवाइयां, रक्त की शीशियों और उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति सहित चिकित्सा आपूर्ति की पर्याप्त उपलब्धता



सुनिश्चित करने से अवगत कराया गया। केन्द्रीय मंत्री को बेड, आईसीयू और एचडीयू के संदर्भ में भी अस्पताल की तैयारी, भीष्म क्यूब्स, उन्नत मोबाइल ट्रॉमा केयर यूनिट आदि की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं, रक्त, ऑक्सीजन, ट्रॉमा केयर किट आदि की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। एम्स नई दिल्ली और ▶▶ शेष पेज 5 पर







केंद्र सरकार का बड़ा फैसला : यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा

जिन यूनिट्स को रक्षा मंत्रालय के अलावा किसी अन्य मंत्रालय की मांग पर तैनात किया जाएगा, उसका खर्च संबंधित मंत्रालय ही उठाएगा

## सेना प्रमुख को तीन साल के लिए प्रादेशिक सेना को सहयोग के लिए जुटाने का अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके। यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा। इसका मतलब है कि अगले



तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा। अधिसूचना में यह भी साफ किया गया है कि इन बटालियनों की तैनाती तभी होगी जब बजट में इसके लिए पैसे उपलब्ध होंगे या फिर आंतरिक बचत से पैसे की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, जिन यूनिट्स को रक्षा मंत्रालय के अलावा किसी अन्य मंत्रालय की मांग पर तैनात किया जाएगा, उसका खर्च संबंधित मंत्रालय ही उठाएगा।

### प्रादेशिक सेना: 75 सालों की सेवा

प्रादेशिक सेना, जिसे 9 अक्तूबर 1949 को स्थापित किया गया था, ने पिछले साल अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। यह बल न सिर्फ युद्ध के समय देश की सेवा करता है, बल्कि आपदा राहत, पर्यावरण सुरक्षा और मानवीय मदद में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। इसके जवानों को उनकी बहादुरी और सेवा के लिए कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

### देश में 14 बटालियन होंगी तैनात

सरकार की अधिसूचना के अनुसार मौजूदा 32 टीए इन्फैंट्री बटालियनों में से 14 को तैनात करने का आदेश दिया गया है। इन्हें देश के कई सैन्य कमानों में भेजा जाएगा। साउथर्न कमांड, ईस्टर्न कमांड, वेस्टर्न कमांड, सेंट्रल कमांड, नॉर्दर्न कमांड, साउथ वेस्टर्न कमांड, अंडमान और निकोबार कमांड, आर्मी ट्रेनिंग कमांड, (एआरटीआरएसी)

## आभूषण की दुकान में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के फतेह नगर इलाके में शुक्रवार दोपहर आभूषण की एक दुकान में आग लग गई। आग में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग में किसी की जान नहीं गई और ना ही कोई घायल हुआ। दमकल की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने जानकारी देते हुये बताया कि उन्हें दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल के पांच वाहन तुरंत मौके पर भेजे गए। घंटों की मशक्कत के बाद आग बुझा ली गई। आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### पुलिस ने चार जगहों पर मारा छापा

# एक लाख से ज्यादा नकली किताबें की जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस द्वारा भारती भवन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स तथा एस. चांद एंड कंपनी लिमिटेड की नकली पुस्तकों की खेप जब्त की है। इस सिलसिले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी न सिर्फ पुस्तकों का भण्डारण करता था बल्कि उन्हें बेचने का काम भी कर रहा था। पुलिस ने चार जगहों पर छापा मारकर संबंधित कंपनियों की 9546 नकली किताबें व 1471 होलोग्राफिक स्टीकर व अन्य मुद्रण संस्थाओं की करीब एक लाख से ज्यादा नकली किताबें बरामद की है। जांच में पता चला कि आरोपी पहले भी एक इसी तरह के अपराध में शामिल रहा है।



पुलिस के अनुसार 3 मई को इस संबंध में खजूरी खास थाने में शिकायत प्राप्त हुई थी। भारती भवन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स तथा एस. चांद एंड कंपनी लिमिटेड के प्रकाशक एवं वितरक उत्कर्ष राज ओझा ने शिकायत दी थी। बताया कि सोनिया विहार क्षेत्र में इन कंपनियों की नकली पुस्तकें एकत्र की जा रही हैं और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बेची जा रही हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर खजूरी खास थाने, एएटीएस एवं डीआईयू की संयुक्त टीम का गठन किया गया। सोनिया विहार, गली नंबर 12, पार्ट-3 में स्थित एक परिसर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान आरोपी राम देव गुप्ता (51) के पास से भारती भवन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स तथा एस. चांद एंड कंपनी लिमिटेड के नाम से मुद्रित कुल 3300 नकली पुस्तकें बरामद की गई। गुप्ता ने अपने एक सहयोगी के बारे में भी जानकारी दी। सघन पूछताछ के उपरांत आरोपी के तीन अन्य ठिकानों पर छापेमारी की गई, जहां से भारती भवन एवं एस. चांद एंड कंपनी लिमिटेड के नाम से मुद्रित विभिन्न विषयों की कुल 6246 नकली पुस्तकें तथा 1471 होलोग्राफिक स्टीकर व अन्य मुद्रण संस्थाओं की करीब एक लाख से ज्यादा नकली किताबें जब्त की गई। छापेमारी किए गए सभी परिसरों को टीम द्वारा सील कर दिया गया है। आरोपी के सहयोगी की गिरफ्तारी एवं और नकली पुस्तकों की अतिरिक्त बरामदगी के लिए पुलिस के प्रयास जारी हैं।

## लाखों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में दो साइबर ठग पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 36.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम प्रशांत जांगिड़ (25) और प्रद्युम्न सिंह चौहान (26) बताये गये हैं। दोनों राजस्थान के जयपुर के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि पालम गांव के रहने वाले सैमुअल थॉमस ने नवंबर 2023 में साइबर पुलिस में शिकायत दी थी। उनके साथ एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कीम के जरिए 36.48 लाख रुपये की ठगी की गई थी। थॉमस ने पुलिस को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक ग्रुप में शामिल किया गया था, जिसमें एक व्यक्ति शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने का दावा कर रहा था और एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रचार कर रहा था। इसके बाद थॉमस से कई ट्रेडिंग एप्लीकेशन डाउनलोड करवाये गये थे। शुरुआत में उसे थोड़ी-थोड़ी रकम निकालने की अनुमति दी गई, जिससे उसका भरोसा बढ़ता चला गया। लेकिन जब उसने बड़ी रकम निकालनी चाही तो वह असफल रहा। जांच के दौरान सबसे पहले पंजाब के मोहाली के खरड़ कस्बे में छापेमारी की गई, जहां चार मई को जांगिड़ को गिरफ्तार किया गया। चौहान को अगले दिन उत्तर प्रदेश के आगरा से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से तीन स्मार्टफोन, दो सिम कार्ड और कुछ डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं।

## ट्रांसजेंडर के वेश में रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिक अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट जिले की पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये लोग पुलिस से बचने के लिए ट्रांसजेंडर का वेश धारण किये हुए थे। इन्हें आजादपुर न्यू सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आठ मई को एक अभियान शुरू किया था। इसी दौरान तीनों बांग्लादेशी नागरिक ट्रांसजेंडर की नकली पहचान का उपयोग करते पाए गए। वे शहरी भीड़ में घुलने-मिलने और संदेह से बचने के लिए 'ट्रैफिक सिग्नल' पर भीख मांगते थे। इनके पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए, जिनमें से एक फोन में एक प्रतिबंधित ऐप्लीकेशन था, जिसका इस्तेमाल वे बांग्लादेश में अपने परिवारों से संपर्क करने के लिए करते थे। इनके नाम मोहम्मद मकसुदा (40), अब्दुल हकीम (33) और फईम पायल (21) पता चले हैं। तीनों बांग्लादेश के ढाका, मैमनसिंह और नारायणगंज जिलों के रहने वाले हैं। इन्होंने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि वे एजेंट की मदद से भारत में घुसे थे और ट्रेन से दिल्ली पहुंचे।

## विजेंद्र गुप्ता ने नई दिल्ली से उत्तराखंड के लिए एडवेंचर राइड को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को नई दिल्ली से लैंसडौन, उत्तराखंड तक की एडवेंचर राइड 2.0, 'बाइक का जुनून, देवभूमि का सुकून' को हरी झंडी दिखाकर रवाना। यह कार्यक्रम पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (पीएचडीसीसीआई) द्वारा विभिन्न कॉर्पोरेट और संस्थागत साझेदारों के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस राइड का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर गुप्ता ने बाइक राइड के प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि यह यात्रा केवल साहसिक राइड नहीं, बल्कि पर्यावरण और समाज के प्रति समर्पण की एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने टीम वर्क, अनुशासन और नागरिक कर्तव्य की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। राइड के दौरान बाइकर्स न केवल वृक्षारोपण करेंगे, बल्कि स्थानीय समुदायों से जुड़कर सामाजिक संदेश भी फैलाएंगे। इस पहल के प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाना, सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना, और टीम भावना को सशक्त करना है। गुप्ता ने आशा व्यक्त की कि दिल्ली उत्तराखंड जैसे सबसे कम प्रदूषित शहरों में से एक बन सकती है, और कहा कि इस दिशा में ऐसे प्रयास एक सकारात्मक कदम हैं। उन्होंने बेहतर सड़क स्थितियों का उल्लेख किया, जो अब इस तरह की बाइक राइड्स को अधिक सुरक्षित और बाइकर्स के लिए सहयोगी बनाती हैं।

## अरुण जेटली स्टेडियम को बम से उड़ाने की मिली धमकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीमा पर तनाव के बीच शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। डीडीसीए की ऑफिशियल ई-मेल पर यह धमकी भरा मेल आया है। सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। घंटों के तलाशी अभियान के बाद सूचना को फर्जी करार दिया गया।

जानकारी के मुताबिक डीडीसीए को सुबह करीब साढ़े 11 बजे यह धमकी भरा मेल मिला था। मेल में लिखा था भारत ने पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमला किया है, हम भी अरुण जेटली स्टेडियम को आपरेशन डीडीसीए के तहत बम से उड़ाएंगे। पुलिस मेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है। लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल सेल भी जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि इसी प्रकार की कई धमकियां पहले भी स्कूलों, अस्पतालों और कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों को प्राप्त हो चुकी है।

## उस्मानपुर और भजनपुरा डकैती में शामिल चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



न्यू उस्मानपुर और भजनपुरा इलाकों में हुई डकैती के केस में पुलिस ने चार कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी 40 से अधिक आपराधिक मामलों में पहले भी शामिल रहे हैं। इनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक लोहे की रॉड, दो टोपी और एक हेलमेट जोकि अपराध में प्रयुक्त किये गये थे बरामद हुये हैं।

पुलिस के अनुसार 6 मई को भजनपुरा थाना इलाके के विजय मार्ग, रबर फैक्ट्री वाली गली, गामड़ी, भजनपुरा में डकैती की सूचना प्राप्त हुई थी। पीड़ित धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि वह डेयरी व्यवसाय में हैं और सुबह लगभग चार बजे जब वह दूध वितरित करने के लिए अपने मिनी टेम्पो से जा रहे थे, तभी पांच व्यक्तियों ने दो मोटरसाइकिलों पर आकर उन्हें रोका और चाकू तथा लोहे की रॉड से डराकर उनका मोबाइल फोन, सात हजार नकद और टेम्पो की चाबी लूट ली। जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय स्रोतों से सूचना व साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद चार संदिग्ध आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इनके नाम मनीष, जुबैर, सादिक और साबिर हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने डकैती में अपनी संलिप्तता कबूल की और अपने एक अन्य साथी के बारे में जानकारी दी। आगे की जांच में पता चला कि इस डकैती से कुछ ही समय पहले इन्होंने न्यू उस्मानपुर क्षेत्र में भी एक डकैती की थी। आरोपियों के साथी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर0 संचार अभि0 / गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| N.I.T. No. | GSU_DLI_SNT_11 dated 09.05.2025 |
| कार्य का नाम | |
| डीजल लोका शेड, तुगलकाबाद में इलेक्ट्रिक इंजनों के रखरखाव के लिए बुनियादी सुविधाओं का विकास के लिए प्रशासनिक भवन में सीसीटीवी प्रणाली और ऑडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम की आपूर्ति | |
| अनुमानित लागत | रुपये 48,55,089.14 /– |
| धरोहर राशि | रुपये 97100.00 /– |
| समापन अवधि | 06 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 02.06.2025 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 02.06.2025 को 11:30 बजे। |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र सं.GSU_DLI_SNT_14 dated 09.05.2025 दिनांक : 09.05.2025 1381/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## निगम स्थायी समिति और वार्ड समिति के चुनाव 21 और 22 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की सबसे शक्तिशाली स्थायी समिति के सदस्यों और वार्ड समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव 21 और 22 मई को कराया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम ने सूचना जारी कर दी है। 21 मई को सदन से स्थायी समिति के रिक्त हुए एक सदस्य का चुनाव कराया जाएगा। यह चुनाव सदन से स्थायी समिति सदस्य के तौर पर चुने गए पार्षद गजेंद्र दराल के विधायक बने जाने के कारण कराया जा रहा है। सदन से स्थायी समिति के सदस्य के चुनाव के बाद 22 मई को वार्ड समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के साथ साथ स्थायी समिति के रिक्त हुए दो सदस्यों का चुनाव कराया जाना है। दक्षिणी जोन की वार्ड समिति से स्थायी समिति के सदस्य के तौर पर चुने गए सदस्य प्रेम चौहान और सिटी एसपी जोन के सदस्य चुने गए पूरणदीप साहनी के रिक्त पदों पर चुनाव कराया जाएगा। चौहान और साहनी वार्ड कमेटी से स्थायी समिति के सदस्य चुने गए थे। बता दें कि इन दोनों के विधायक बन जाने से रिक्त हुए पद पर चुनाव कराया जाएगा। चौहान और साहनी आप आदमी पार्टी के पार्षद थे।

दोनों के पार्षद बन जाने से यहां आम आदमी पार्टी को वार्ड समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थायी समिति के सदस्य के चुनाव में नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। बता दें कि दिल्ली नगर निगम की 12 वार्ड समितियों में से 7 वार्ड समितियों सिविल लाइन, नरेला, केशवपुरम, नजफगढ़, मध्य, शाहदरा दक्षिणी और शाहदरा उत्तरी में भाजपा का राज है, जबकि शहरी सदर बाजार, पश्चिमी, करोल बाग, और दक्षिणी और रोहिणी वार्ड समितियों पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। इस बार होने वाले वार्ड समितियों के चुनाव में यहां भी समीकरण बदल सकते हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ विभाग कर रहा है अन्याय

दया राम ⏭ नई दिल्ली

- पदोन्नति पर अनुभव को किया जा रहा दरकिनार

दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में पिछले करीब 20 साल से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर अपनी सेवाएं देने वाली इन कार्यकर्ताओं की विभाग के उस आदेश के बाद नींद उड़ गई हैं जिसमें उनके लंबे कार्य अनुभव को दरकिनार करते हुए ऐसी शर्तें जोड़ दी गई हैं जिसे पूरा कर पाना इन कार्यकर्ताओं के लिए आसान नहीं है जबकि कांग्रेस की शीला सरकार के समय में ऐसी शर्तें नहीं होती थी। नाम नहीं छापने की शर्त पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से निवेदन करते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार में अनुभवी कार्यकर्ताओं के कई बार स्नातक स्तर पर डॉक्यूमेंट्स जमा कराए गए लेकिन पदोन्नति अब तक नहीं हुई। भाजपा की दिल्ली सरकार से उन्हें काफी उम्मीदे हैं और सरकार को इस तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके अनुभव के साथ अन्याय ना किया जाए। विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि 2 मई 2025 में विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पदोन्नति के संदर्भ में पर्यवेक्षक ग्रेड-2 के पद के लिए नवीनतम भर्ती नियमों के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में 10 वर्षों के अनुभव (निरंतर सेवा) की आवेदन के दौरान शर्त रखी है। इसके साथ ही सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से गृह विज्ञान, बाल विकास, पोषण या सामाजिक कार्य में स्नातक की डिग्री के साथ आवश्यक योग्यताएं की मांगी गई।

## सभी लैंडफिल साइट्स से कूड़े के पहाड़ शीघ्र हटाए जाएं : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- बेसहारा पशुओं की समस्या के लिए एमसीडी को विशेष अभियान चलाने के दिए निर्देश

सफाई कार्य की धीमी गति पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई और उन्होंने एमसीडी को कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। और साथ ही अधिकारियो को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है कि कोई भी ड्रेन में कूड़ा न फेके। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आवारा पशुओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एमसीडी को एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्यमंत्री को ओखला, भलस्वा और गाजीपुर लैंडफिल साइट्स पर हो रही बायोमाइनिंग की प्रगति से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि दिल्ली से कूड़े के पहाड़ों को हटाने के अभियान में सरकार पूरी तरह एक्शन मोड में है। बैठक में मुख्यमंत्री ने बचे हुए कूड़े की मात्रा को देखते हुए ओखला ,गाजीपुर और भलस्वा के लैंडफिल साइट्स से कूड़े के पहाड़ को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए। और तीनो लैंडफिल साइट पर कूड़ा निस्तारण के बाद दिल्लीवासियों के बेहतर उपयोग के लिए एक विस्तृत प्लान बनाने के भी एमसीडी को निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को नरेला-बवाना, गाज़ीपुर, ओखला और तेहखंड में संचालित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट्स और उनके विस्तार से संबंधित प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में इन प्लांट्स की वर्तमान स्थिति, उनकी क्षमता में संभावित वृद्धि और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।


**जून/2025 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

निम्नलिखित विवरण के अनुसार **जून/2025** महीने के लिए **जीएसडी/पांडु डिपो** के अधिकार क्षेत्र के तहत ई-नीलामी के माध्यम से रेलवे स्क्रैप लॉट की बिक्री के कार्यक्रम के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम **निर्धारित** किया गया है :

| क्र. सं. | माह/वर्ष | नीलामी सूची सं. | नीलामी प्रारंभ तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| 1 | जून/2025 | GSDPNO25N2608 | 04-06-2025/11:00:00 |
| 2 | | GSDPNO25N2609 | 11-06-2025/11:00:00 |
| 3 | | GSDPNO25N2610 | 18-06-2025/11:00:00 |
| 4 | | GSDPNO25N2611 | 25-06-2025/11:00:00 |

इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी में पंजीकरण, प्रशिक्षण, भागीदारी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) के माध्यम से बोली लगाने की सलाह दी जाती है।

उप सीएमएम/पांडु

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### 2 लाख 42 हजार 732 आयुष्मान कार्ड किए जा चुके हैं जारी

# दिल्ली में करीब 100 मरीज आयुष्मान भारत योजना का उठा रहे हैं लाभ : पंकज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत वर्तमान में लगभग 100 मरीज इलाज करा रहे हैं। इसकी जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी। पंकज सिंह ने बताया कि योजना के शुरू होने के बाद से 2.42 लाख से अधिक कार्ड जारी किए गए हैं। सिंह ने कहा कि सरकार शहर के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता बना रहे। सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए राजधानी के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रहे हैं कि देखभाल की कमी के कारण किसी की जान न जाए। लाभार्थियों की संख्या हर दिन बढ़ रही है और कई लोगों ने योजना के तहत लाभ उठाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि योजना की पहुंच बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के प्रयास चल रहे हैं कि कोई भी पात्र व्यक्ति इसका लाभ उठाने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि कुल लाभार्थियों में से 97 मरीज वर्तमान में सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती हैं तथा अपने आयुष्मान कार्ड का उपयोग करके कैशलेस उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

इस साल की शुरुआत में दिल्ली में योजना के आरंभ के बाद से कुल 2 लाख 42 हजार 732 आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए गए हैं, जिससे पात्र निवासियों को 'पैनल' में शामिल अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिल सके। दिल्ली सरकार ने 'एबी-पीएमजेएवाई' को लागू करने के लिए पांच अप्रैल को केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिससे दिल्ली इस योजना को अपनाने वाला 35वां राज्य या केंद्र शासित प्रदेश बन गया।

### इस योजना के तहत 10 लाख तक इलाज होगा फ्री

इस योजना के तहत पात्र परिवारों को 10 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवरेज मिलता है, जिसमें पांच लाख रुपये केंद्र द्वारा वित्त पोषित और पांच लाख रुपये का अंशदान दिल्ली सरकार द्वारा किया जाता है। अर्थात पात्र परिवार 10 लाख रुपए तक इलाज फ्री में करवा सकता है।

### वय वंदना योजना के तहत हो चुके हैं 72 हजार पंजीकरण

मंत्री पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली में हाल में शुरू की गई वय वंदना योजना के तहत अब तक 72,167 पंजीकरण पूरे हो चुके हैं। 'वंदना योजना' के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक की चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**

**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

विषय : कैमिस्ट्री ( विज्ञा. सं. 43/2024 ) और फिजिक्स ( विज्ञा. सं. 61/2024 ) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर ( कॉलेज कैडर )

कैमिस्ट्री (विज्ञा. सं. 43/2024) और फिजिक्स (विज्ञा. सं. 61/2024) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह है कि 11 मई 2025 (प्रातःकालीन और सायंकालीन सत्र) को निर्धारित स्क्रीनिंग टेस्ट आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। स्क्रीनिंग टेस्ट की नई तिथि यथा समय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

हस्ता/– सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 09.05.2025

संवाद–1156/13/321/2026/34616/88/7 दि. 09.05.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा की ओर से 862 अदद डेस्कटॉप कम्प्यूटर की खरीद। | 09.05.2025 30.05.2025 | 9 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 dhardwarehartron@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/34624/1/88/7 दि. 09.05.25

## स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दिल्ली के अस्पतालों को दिए गए निर्देश

# आपदा प्रबंधन की स्थिति के लिए तैयार रहे अस्पताल : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आपात स्थिति को देखते हुए दिल्ली के सभी अस्पताल सुविधाओं के साथ तैयार रहे और तत्काल प्रभाव से आपातकालीन वार्ड स्थापित करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बैठक में सभी अस्पतालों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों की आधारभूत संरचना का मूल्यांकन कर बिस्तरों, आईसीयू और उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने, लंबित मरम्मत और विस्तार कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा डिजिटल प्रणाली के व्यापक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ (डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल व प्रशासनिक) की उपलब्धता सुनिश्चित करने, अनुपस्थिति पर नियंत्रण और ड्यूटी रोस्टर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।



गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में राजधानी के विभिन्न सरकारी अस्पतालों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स (एमएस) के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश्य है की दिल्ली के अस्पतालों को अपग्रेड कर, हमारे स्वास्थ्य मॉडल को और अधिक कुशल और शानदार बनाया जाए।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों की समग्र अवस्थिति और रखरखाव पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों का संचालन केवल चिकित्सा सेवाओं तक सीमित न रहे, बल्कि वहां की साफ-सफाई, संरचनात्मक स्थिति और पर्यावरण भी रोगियों एवं आगंतुकों के अनुकूल होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स और मेडिकल डायरेक्टर्स से अनुरोध किया कि वे अस्पतालों के बुनियादी रखरखाव हेतु पीडब्ल्यूडी के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित करें। यदि समन्वय के दौरान कोई बाधा या प्रशासनिक अड़चन सामने आती है, तो वे तुरंत सरकार को सूचित करें, ताकि समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा सके।

### दवाइयों की समस्या का तत्काल किया जाए समाधान

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में समय-समय पर सामने आने वाली दवाओं की कमी को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार ऐसी खबरें सामने आती रही हैं कि अस्पतालों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए।

## देश की सुरक्षा से खतरा होने वाली जानकारी सोशल मीडिया पर ना करें साझा : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सेना की या किसी भी प्रकार की ऐसी जानकारी जिससे देश की सुरक्षा को खतरा हो, उसे सोशल मीडिया पर शेयर ना करें। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि देश का जन जन ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकवाद पर ठोस प्रहार करने और उसके बाद आतंकवाद के संरक्षक पाकिस्तान के भारतीय सीमा पर हमलों का करारा जवाब देने के लिए भारतीय सेना का आभारी है। उन्होंने कहा है कि आज देश का जो वातावरण है उसमें हर दिल्लीवालों की भी सरकारी निर्देशों के पालन की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और हमें अपने परिवार के साथ ही अपने बच्चों को भी जागरूक रखने की जरूरत है। सचदेवा ने दिल्लीवालों से अपील की है कि देश में जो स्थिति है उसको लेकर दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार भी पूरी तरह से तैयार है और आम जन को अलर्ट करने के लिए आज दिल्ली सरकार द्वारा एयर रेड सायरन लगाया गया है। उन्होंने कहा कि हमें भी एक जिम्मेदार नागरिक की तरह सरकार द्वारा बताए गए निर्देशों का अनुसरण करना चाहिए। इसके साथ ही लोकल पुलिस को भी उनके कामों में सहयोग दें। सचदेवा ने अपील की है कि भारतीय सेना द्वारा जारी किए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस वक्तव्य पर विश्वास करें और सरकार द्वारा दी गई जानकारी और निर्देश पर अमल करें।

### किसी भी प्रकार के लिंक को सोच समझकर खोले

सचदेवा ने कहा कि इस पूरी लड़ाई में सोशल मीडिया की भी एक महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए आप सभी किसी भी प्रकार की वीडियो को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता और उसकी विश्वनीय सोर्सेज के बारे में जरुर सोचे। उन्होंने कहा कि साइबर अटैक जैसी कायरता भी हो सकती है इसलिए किसी भी प्रकार के लिंक को सोच समझकर ओपन करें।

### व्यापारी रात को प्रचार के लिए साइनबोर्ड जलता ना छोड़ें : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा प्रदेश ने दिल्ली के व्यापारियों से, होटल मालिकों से एवं विज्ञापन एजेंसियों से अपील की है कि वह अपना कारोबार नियमित रूप से चालू रखें पर रात को कारोबार बंद करते वक्त न्यून साइनबोर्ड बुझा कर जायें। बंद दुकानों आदि पर लगे जलते न्यून साइनबोर्ड ब्लैक आऊट घोषित होने पर सामाजिक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं अतः अगले कुछ समय दुकानदार आदि इनके प्रयोग से बचें।

## उप महापौर ने मेगा 'स्वच्छता अभियान' को लेकर किया निरीक्षण

***महरौली बदरपुर रोड पर टूटे नाले की तत्काल मरम्मत करवाने के दिए निर्देश***

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के उप महापौर जय भगवान यादव ने शुक्रवार को दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'स्वच्छता अभियान' के तहत दक्षिणी जोन के खानपुर वार्ड (वार्ड सं 167) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद ममता यादव, जोन के विभिन्न विभाग प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने खानपुर वार्ड के मुख्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्हें बताया गया कि वार्ड के इन मुख्य स्थानों पर नियमित रूप से सफाई की जा रही है। निरीक्षण की जानकारी देते हुए उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता संकल्प को हम पूरी तरह से साकार करेंगे और दिल्ली की



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाएंगे।

निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने महरौली-बदरपुर रोड के पास कॉलोनी का दौरा किया और पाया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के कारण एक मुख्य नाला अवरुद्ध हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस टूटे हुए नाले के कारण गंदा पानी उनकी दुकानों और घरों में बह रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जलभराव और दुर्गंध की स्थिति के कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यादव ने मामले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे डीएमआरसी के अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाएं और एक सप्ताह के भीतर नाले की मरम्मत करवाएं ताकि मानसून के मौसम में जलभराव को रोका जा सके।

### दिल्ली विधानसभा की 6 और समितियों का किया गठन

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को विधायी कार्य के कुशल और प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष के लिए आठवीं विधानसभा की आठ समितियों का गठन किया है। उन्होंने कहा कि ये समितियां जवाबदेही को बढ़ावा देकर, विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करके और शासन-संबंधी मुद्दों की गहन जांच को सक्षम करके विधायी निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि गठित आठ समितियों में दो समितियों कार्य मंत्रणा समिति और निजी सदस्यों के विधेयकों और प्रस्तावों पर समिति का गठन पहले ही किया जा चुका है। इनके अलावा छह नई समितयों को गठित किया गया है। इनमें सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, याचिका समिति, नियम समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति,सामान्य प्रयोजन समिति और पुस्तकालय समिति शामिल है। सरकारी आश्वासनों पर समिति का अध्यक्ष नीरज बसोया को नियुक्त किया गया है। जबकि विधायक राज करण खत्री, अजय कुमार महावर,करनैल सिंह,पूनम शर्मा, उमंग बजाज, जितेन्द्र महाजन, मुकेश कुमार अहलावत और सही राम सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं याचिका समिति का अध्यक्ष विधायक सूर्य प्रकाश खत्री को नियुक्त किया गया है। जबकि हरीश खुराना, संदीप सहरावत, शिखा रॉय, गजेंद्र सिंह यादव, अनिल कुमार शर्मा, प्रद्युम्न सिंह राजपूत, पुनर्दीप सिंह साहनी और सोम दत्त को सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं नियम समिति के अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता हैं। इस समिति में विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट,अशोक गोयल, शिखा रॉय, संदीप सहरावत, उमंग बजाज, जरनैल सिंह, प्रवेश रत्न और वीरेंद्र सिंह कादियान को सदस्य नियुक्त किया गया है। प्रश्न एवं संदर्भ समिति का अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट को नियुक्त किया गया। जबकि अरविन्दर सिंह लवली, तरविंदर सिंह मारवाह, ओम प्रकाश शर्मा, नीलम पहलवान, आले मोहम्मद इकबाल, डॉ. अजय दत्त और वीरेंद्र सिंह कादियान को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस ने निकाली 'जय हिन्द' यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दे रही भारतीय सेना के साहस और पराक्रम के सम्मान में शुक्रवार को जय हिन्द यात्रा निकाली। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में जंतर मंतर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के साहस और पराक्रम की जमकर सराहना की। इस अवसर पर यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत अपना सर्वस्व समर्पित कर रही भारत की थल, जल और वायु सेना का मनोबल बढ़ाने और उसे मजबूत करने के लिए पूरा देश एकजुट होकर भारतीय सेना के साथ खड़ा है। इस मौके पर यादव के अलावा कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, कोषाध्यक्ष अजय माकन, संगठन महासचिव के.सी. वेनुगोपाल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पवन खेड़ा व दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन सहित अन्य नेता मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे



और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने स्पष्ट कर दिया है कि संकट के समय दलगत राजनीति से उपर उठकर आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ देशहित में भारत सरकार के साथ है।

### महापौर ने दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली को पहले से बेहतर बनाने के लिए दिल्ली के नागरिकों से अपील की है। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई में नागरिक केवल शिकायतें ही नहीं, बल्कि नगर सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव लेकर भी आए। महापौर सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर उक्त जानकारी देते हुए कहा कि जनभागीदारी और साझा उत्तरदायित्व, यही लोकतंत्र की ताकत है। उन्होंने कहा कि एक महापौर के रूप में, मैं हर रचनात्मक सुझाव का स्वागत करता हूं। आइए, मिलकर एक स्वच्छ और जन-प्रथम दिल्ली का निर्माण करें। महापौर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि महापौर पद संभालने के बाद राजा इकबाल से बड़ी संख्या में नागरिक शुभकामनाएं देने व शिकायतों से अवगत कराने के लिए मिल चुके हैं और महापौर का कहना है कि दिल्ली को बेहतर बनाने में जनभागीदारी जरूरी है। इसके लिए महापौर ने हाल ही में एमसीडी 311 ऐप और मेयर हेल्पलाइन नंबर 96430-96430 जारी किया है और आगामी मानसून सीजन को देखते हुए उन्होंने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है।

## मानसून से पहले पूरा किया जाए मैनुअल स्कैवेंजर्स का सर्वे : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एससी/ एसटी कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मैनुअल स्कैवेंजर्स और नमस्ते योजना को लेकर की समीक्षा बैठक

समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार पर प्रतिबंध और उनका पुनर्वास अधिनियम और 'नमस्ते योजना' को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने शहरी विकास, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड, दिल्ली जल बोर्ड, एससी/एसटी कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और जिलों के डीएम/ प्रतिनिधियों को 'नमस्ते योजना' के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री ने मैनुअल स्कैवेंजर (हाथ से मैला ढोने वाले) को लेकर सर्वे मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि गरीब और वंचित वर्ग को पर्याप्त सम्मान और पूरी सुरक्षा मिले, इस दिशा में चल रही नैशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज़्ड सैनिटेशन इको सिस्टम (नमस्ते) योजना के तहत सभी सीवर एण्ड सेप्टिक टैंक वर्कर्स के लिए पीपीई किट और सेफ्टी डिवाइस मानसून से पहले उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करें।

### मेट्रो सिस्टम का अवलोकन करने पहुंचे पूर्व न्यायमूर्ति डीईआरसी अध्यक्ष उमेश कुमार

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति व वर्तमान में दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष उमेश कुमार ने शुक्रवार को मेट्रो सिस्टम का अवलोकन किया। इस मौके पर डीईआरसी के अन्य सदस्य, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के आला अधिकारी मौजूद थे।

डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार उमेश कुमार ने इस दौरान चालक रहित ट्रेन में यात्रा की, कालिंदी कुंज डिपो का दौरा किया, अभिनव सौर ऊर्जा उत्पादन का अवलोकन किया, रखरखाव, सुरक्षा मानकों और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर डीएमआरसी द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को गहनता से देखा व जाना। प्रतिनिधिमंडल ने वास्तविक समय ट्रेन निगरानी और प्रबंधन की एक झलक के लिए मेट्रो भवन में संचालन नियंत्रण केंद्र (ओसीसी) का भी दौरा किया।

### दिल्ली में कुछ स्कूलों ने एहतियातन ऑनलाइन कक्षाएं की शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बीच छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दिल्ली में कई निजी स्कूलों ने एहतियात के तौर पर शुक्रवार को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कीं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी है। उन्होंने बताया कि वसंत कुंज में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), पश्चिम विहार में इंद्रप्रस्थ वर्ल्ड स्कूल और मॉडल टाउन में क्वीन मेरी स्कूल ने ऑनलाइन कक्षा का विकल्प चुना। इंद्रप्रस्थ वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य शिखा अरोड़ा ने कहा कि मौजूदा स्थिति पर विचार करते हुए यह फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमने ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का फैसला किया। अगले सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं लेकिन हम एक दिन के लिए कोई खतरा नहीं मोल लेना चाहते थे। वहीं, दिल्ली को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी सरकारी व निगम कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गईं हैं।

## आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी भवन पर हुआ परीक्षण

# पूरी दिल्ली में लगाए जाएंगे एयर रेड अलर्ट सायरन : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच दिल्ली में नागरिकों की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को और मजबूत करने के लिए पूरी दिल्ली में एयर रेड रेड अलर्ट सायरन लगाए जाएंगे। इस बात की जानकारी दिल्ली लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पर लगाए गए एयर रेड अलर्ट सायरन का परीक्षण करने के बाद दी। यह परीक्षण पीडब्ल्यूडी ने नागरिक सुरक्षा निदेशालय के साथ मिलकर किया। दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि शहर की प्रमुख बहुमंजिला इमारतों पर 40 से 50 एयर रेड अलर्ट सायरन लगाए



जाएंगे। आपात स्थिति में यह सायरन चेतावनी देने का काम करेंगे। सभी सायरनों को एक केंद्रीय कमांड सेंटर से नियंत्रित किया जाएगा और इनका संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधीन होगा। मंत्री प्रवेश वर्मा बताया कि शुक्रवार को परीक्षण किया गया सायरन करीब 8 किलोमीटर की दूरी तक सुना जा सकता है। किसी भी आपात स्थिति में ये सायरन पांच मिनट तक बजाए जाएंगे, जिससे लोगों को समय रहते सतर्क किया जा सके और वे फौरन मेज़ के नीचे या बेसमेंट में सुरक्षित जगह तलाश सकें। शहरभर में सायरन लगाने की यह योजना नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी पहल है। दिल्ली सरकार आपदा प्रबंधन एजेंसियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी संवेदनशील और प्रमुख क्षेत्रों को कवर किया जाए और नागरिकों को समय पर सही दिशा-निर्देश मिल सकें। पीडब्ल्यूडी और नागरिक सुरक्षा की टीमें आने वाले दिनों में इन सायरनों की परीक्षण प्रक्रिया और निगरानी जारी रखेंगी ताकि जरूरत पड़ने पर वे पूरी तरह से तैयार रहे।

### जो भी भारत पर नजर उठायेगा, वो निश्चित मुंह की खायेगा : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जो भी जो भारत पर नजर उठायेगा, वो निश्चित मुंह की खायेगा। देश के सेनाओं के पराक्रम को नमन, देश के कुशल नेतृत्व का अभिनंदन। सीएम रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि धर्म की जीत हो,अधर्म का नाश हो,प्राणियों में सद्भावना हो,विश्व का कल्याण हो,भारत माता के जय हो,हम इस सिद्धांत पर चलने वाले लोग हैं, अधर्म का नाश तो निश्चित है। हर हर महादेव। देश के सेनाओं के पराक्रम को नमन, देश के कुशल नेतृत्व का अभिनंदन। यत्र धर्मस्तत्र जयः। जो भारत पर नजर उठायेगा, वो निश्चित मुंह की खायेगा। वहीं कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक्स पर लिखा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। भारत ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब।

### आईटीओ पर बजा सायरन

आईटीओ क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर तीन बजे सायरन पीडब्ल्यूडी भवन में सायरन बजा। सायरन करीब सात मिनट तक बजा। इस दौरान सिविल डिफेंस कर्मियों द्वारा बताया गया कि आपात स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखें। इसके पहले डीएम ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से अपील की थी कि इस दौरान घबराना नहीं है। यह सिर्फ हवाई हमले से बचाव की लिए टेस्ट किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने भी सूचना को प्रसारित किया। बता दें कि आटीओ क्षेत्र में 20 मिनट तक सायरन बजने की बात कही गई थी लेकिन सात मिनट तक ही सायरन बजा। इससे पहले लोगों से अपील की गई थी कि सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार किया जाए ताकि आम जनता को टेस्टिंग के बारे में जानकारी हो सके और किसी प्रकार का पैनिक न फैले।

### दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय सत्र 13 मई से होगा शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा भाग 13 मई से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र के दौरान सरकार दिल्ली स्कूली शिक्षा शुल्क निर्धारण एवं विनियमन पारदर्शिता विधेयक सदन में पेश कर सकती है और उसे पारित करा सकती है। दिल्ली मंत्रिमंडल ने 29 अप्रैल को मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी थी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि इसे पारित करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा। विधेयक में अनधिकृत फीस वृद्धि या इस बहाने विद्यार्थियों को परेशान करने में संलिप्त पाये जाने वाले विद्यालयों पर कठोर जुर्माना लगाने तथा उनका पंजीकरण रद्द करने की सिफारिश की गई है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार आठवीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा भाग मंगलवार, 13 मई, 2025 को दोपहर दो बजे पुराने सचिवालय के विधानसभा हॉल में शुरू होगा। बजट सत्र का पहला भाग 24 मार्च को प्रारंभ हुआ था और तब सीएम रेखा गुप्ता ने अपना पहला बजट पेश किया था। सीएम रेखा गुप्ता ने 2025-26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बजट पेश किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### बिजली की मांग पहुंची 5700 मेगावाट

**नई दिल्ली।** मौसम की मेहरबानी के चलते गत कई दिनों से बिजली की मांग में री की बनी हुई थी। लेकिन एक बार फिर दिल्ली में बिजली की खपत का आंकड़ा बढ़ने लगा है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार 9 मई 2025 शुक्रवार को बिजली की अधिकतम मांग का ग्राफ बढ़कर 5765 मेगावाट तक पहुंच गया। जबकि एक दिन पहले गुरुवार को यह आंकड़ा 5507 मेगावाट दर्ज हुआ था। आंकड़े बताते है कि एक ही दिन में दिल्ली में बिजली की खपत में करीब 258 मेगावाट की भारी बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। बिजली कंपनियों ने पुन दोहराया है कि उपभोक्ताओं को घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि पहले ही 9 हजार मेगावाट की अनुमानित खपत के तहत पहले ही सभी तैयारियां कर रखी है।

**खबर संक्षेप**

### युवती के अकाउंट से 15 हजार निकाले



**गुरुग्राम।** भौंडसी थाना एरिया में जालसाज ने एक युवती का डेबिट कार्ड बदलकर उसके अकाउंट से 15 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में भौंडसी में रहने वाली वृष्टि राघव ने कहा कि वह बीती छह मई की सांय करीब चार बजे इंडियन बैंक के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने के लिए गई थी। उसने डेबिट कार्ड के जरिए दस हजार रुपए निकाल लिए और बूथ से बाहर निकल गई।

### कैंटर की टक्कर से दो की मौत, 3 घायल



**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में एनएच-48 पर कैंटर की टक्कर से ईको में सवार एक ही परिवार के दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस को दी शिकायत में रेवाड़ी के गांव गढ़ी नितेश ने कहा कि 8 मई को अपने चाचा महावीर, अमर सिंह व रामवीर के साथ गाड़ी में सवार होकर काम से गुरुग्राम आए थे।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जारी है, इसी क्रम में पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने एक वाहन चोर साहिल अली को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 मई को पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर आरोपी साहिल अली निवासी संगम विहार दिल्ली को एमसीडी टोल दुर्गा बिल्डर इस्माइलपुर से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया है।

# परमात्मा की आराधना करने में ही मिलता है सच्चा सुखः अजय गौड़

## भाजपा नेता गौड़ ने संत सूरदास स्मारक में बने भव्य मंदिर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय गौड़ ने बाबा सूरदास की पावन धरती सेक्टर-8 सीही गांव स्थित महाकवि संत सूरदास स्मारक मे बने नए भवन व मंदिर नवनिर्माण का रिबन काटकर शुभारंभ कर इसे जनता को समर्पित किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अजय गौड़ का फूल मालाओं से स्वागत किया और मंदिर निर्माण में सहयोग करने पर उनका स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अजय गौड़ ने कहा कि धरती के कण-कण में भगवान बसे हुए है, बस जरूरत है तो उन्हें मन से मानने की।



उन्होंने कहा कि आज मनुष्य आधुनिक सुख-सुविधाओं के पीछे इस कद्र भाग रहा है, उसके पास परमात्मा की अराधना करने तक का समय नहीं है, जबकि इस पृथ्वी पर असली सुख भगवान की पूजा अर्चना करना है क्योंकि ऐसा करने से ही मनुष्य को सद्बुद्धि प्राप्त होती है और वह अच्छे काम करता है। गौड़ ने कहा कि पिछले काफी समय से इस मंदिर के नवीनीकरण को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही थी और आज उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि यह मंदिर भव्य रुप से तैयार हो गया है और अब लोग यहां पूजा अर्चना कर सकेंगे। अजय गौड़ ने कहा कि इस मंदिर के नवीनीकरण कार्य में एक साल का समय लगा और यहां स्थापित की गई राधा-कृष्ण, राम दरबार, गणेश जी व संत बाबा सूरदास की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ पंडित ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा की गई। इस अवसर पर पंडित जयवीर शर्मा, पंडित मोतीलाल, मास्टर देवराम तेवतिया सहित अन्य गांव के मौजिज लोगों ने कहा कि भाजपा नेता अजय गौड़ सही मायनों में सच्चे जनसेवक है, जब-जब वह किसी काम के लिए उनके पास गए हैए उन्होंने कभी उन्हें निराश नहीं किया है और मंदिर निर्माण कार्य में भी उन्होंने पूरी तत्परता से उन्हें सहयोग किया और इसके निर्माण में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी, इसके लिए वह उनके आभारी है।

### अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें

इस मौके पर फरीदाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पार्षद अनिल नागर, राजकुमार अग्रवाल, सुरेंद्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, मूलचंद मित्तल, डा. आर.एन. सिंह, ओमप्रकाश रक्षवाल, देवेंद्र दीक्षित, शोभित अरोड़ा, रंजीत रावल, अनिल मलिक, केपी तेवतिया, संजीव , सुरेश वत्स, विंग कमांडर हरिचंद मान, केसी शर्मा, बृजपाल मास्टर, योगेश भूरा, हितेश वत्स, कर्नल मंदी, पंडित हरिओम, कुलबीर तेवतिया, चौ. ओमबीर व मुकेश सहित आदि।

सरकारी और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक में बोले डीसी विक्रम सिंह

# आपदा प्रबंधन में सरकारी और निजी अस्पताल निभाएं सक्रिय भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों को लेकर सरकारी और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों, प्रबंधक, सिविल सर्जन व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियां बिना किसी पूर्व चेतावनी के उत्पन्न हो सकती हैं और ऐसे समय में अस्पतालों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमें एक संगठित और मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करनी होगी जो किसी भी आपदा की स्थिति में शीघ्र प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। इसमें निजी और सरकारी अस्पतालों की सहभागिता अनिवार्य है। डीसी विक्रम सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकालीन स्थितियों में निजी अस्पतालों की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि सरकारी अस्पतालों की। उन्होंने निजी अस्पतालों से अपेक्षा की कि वे आपदा प्रबंधन योजना के अनुरूप अपनी व्यवस्थाओं का पुनरीक्षण करें और जिले की आपातकालीन योजना में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी अस्पतालों में आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां, आपातकालीन सर्जरी के उपकरण, ब्लड बैग्स, मेडिकल किट्स और ऑक्सीजन सप्लाई की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। सभी निजी अस्पताल अपनी क्षमता के अनुसार बिस्तरों की संख्याए,ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर, ब्लड बैंक की स्थिति तथा ट्रॉमा मैनेजमेंट की जानकारी जिला प्रशासन को नियमित रूप से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस नेटवर्क की स्थिति, उनकी उपलब्धता और संचालन क्षमता पर भी विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि जिला में संचालित सभी एंबुलेंसों की तकनीकी स्थिति का मूल्यांकन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी आपात स्थिति में सभी एंबुलेंस तत्काल सक्रिय हो सकें। सभी एम्बुलेंस 112 नंबर पर रजिस्टर्ड हो। साथ हीए रैपिड रिस्पॉन्स टीमों की संरचना, प्रशिक्षित स्टाफ और आपदा के दौरान उनके त्वरित पहुंच की रणनीति पर भी विशेष बल दिया गया। डीसी ने कहा कि हर अस्पताल में प्रशिक्षित इमरजेंसी रिस्पॉन्स यूनिट होनी चाहिए जो घायल व्यक्तियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने में सक्षम हो।

### अस्पताल कर्मचारियों को दे मॉकड्रिल प्रशिक्षण



डीसी विक्रम सिंह निर्देश दिए कि जिला के सभी सरकारी और निजी अस्पताल अपने समस्त चिकित्सा एवं गैर-चिकित्सा कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का नियमित प्रशिक्षण दें। ताकि आपदा की स्थिति में त्वरित और संगठित तरीके से प्रतिक्रिया देने का अनुभव मिल सके। बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, नगर निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा, सीएमओ डॉ जयंत आहूजा, डॉ पुनिता हसीजा, डॉ राम भगत, सीटीएम अंकित कुमार सहित जिला के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतया प्रतिबंधः जिलाधीश

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने वर्तमान आकस्मिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला में गत दिवस से अगले आदेश तक मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) जैसे ड्रोन और कम उड़ान वाली वस्तुओं आदि के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने यह आदेश जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुरक्षा कारणों के तहत जारी किए है।

जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सैन्य प्रतिष्ठानों, सुविधाओं की परिधि से 3 किमी के भीतर कोई भी ड्रोन नहीं उड़ाया जाएगा, जहां सैन्य गतिविधियां, अभ्यास किए जा रहे हैं, जब तक



कि स्थानीय सैन्य प्रतिष्ठान, सुविधा से मंजूरी नहीं मिल जाती। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के आधार पर एयर फोर्स स्टेशन फरीदाबाद और एयरफोर्स स्टेशन फरीदाबाद की परिधि से 3 किलोमीटर के क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जिला फरीदाबाद में सभी प्रकार के ड्रोन कैमरा, ग्लाइडर और मानव रहित विमान प्रणाली सुरक्षा उद्देश्य के लिए पुलिस विभाग, सीआईडी ड्रोन को छोड़कर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

हिंडन नदी का होगा पुर्नरूद्धार, जिलाधिकारी ने मांगी अतिक्रमण की जानकारी

# नालों की हो ऑनलाइन मैपिंग व जलकुंभी हटाने के लिए तैयार हो प्लानः दीपक मीणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को संबंधित विभागों के साथ हिंडन नदी के पुर्नरूद्धार मत्थापच्ची की। उन्होंने संबंधित विभागों से जहां हिडेन पर किए गए अतिक्रमण की सूची तैयार करने को कहा वही नालो की ऑनलाइन मैपिंग और जलकुंबे हटाने के लिए प्लेन बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने 10 दिन के अंदर सभी उद्योगों के एसपी की जानकारी भी मांगी है।

विकास भवन के सभागार में आयोजित इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को पीपीटी के माध्यम से हिण्डन पुर्नद्धार के लिए उनके कार्य एवं दायित्वों को बताया। जिलाधिकारी ने जलकल विभाग (शहरी) द्वारा बनाये गए एसटीपी एवं नालों के नक्शों को देखते हुए विभागों को निर्देशित किया गया कि नालों की मैपिंग को ऑनलाइन बनाना शुरू करें ताकि उनकी लेयरिंग करते समय प्रत्येक डाटा एक जगह पर एकत्रित हो सके। इसके लिए एक बेसिक नेटवर्क तैयार किया जाए जिसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद, नगर निगम, गाजियाबाद, सिंचाई विभाग, जीडीए, समस्त नगर निकाय, अपने डेटा के लेयरिंग को तय कर सके। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया 10 दिनों के अंदर औद्योगिक इकाइयों के ईटीपी की समस्त जानकारी उपलब्ध करायी जाना सुनिश्चित करें। हिंडन बेसिन में अतिक्रमण को लेकर संबंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि हिंडन के ऊपर अतिक्रमण की सूची तैयार की जाये और उसे प्रत्येक तीन माह में अपडेट किया जाए। साथ ही किस जगह कितनी नदी दर्ज है। उसकी एक सूची एवं नक्शा सिंचाई विभाग के साथ मिलकर तैयार करे। साथ ही उप जिलाधिकारी, सदर, उप जिलाधिकारी, मोदीनगर को निर्देशित किया गया कि 10 दिनों के अन्दर हिंडन नदी के बेसिन में जिन जगह पर अतिक्रमण है एवं जिन पर अतिक्रमण नही है ऐसे क्षेत्रों को चिन्हिंत करे ताकि विभागों एवं पर्यावरण विदों की टीम द्वारा उस पर सर्वे कर उन पर वृक्षारोपण किया जा सके। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि हिंडन में तैर रहे जलकुंभी एवं अन्य अपशिष्ट को निकालने के लिए प्लान तैयार करे।

मुख्य अभियन्ता नगर निगम एनके चौधरी ने जिलाधिकारी के समक्ष छठ घाट पर रिवर फ्रंट डवलपमेन्ट हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसे सिंचाई विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मानको के अनुरूप रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया।खण्ड विकास अधिकारी, मुरादनगर, लोनी एवं रजापुर को निर्देशित किया गया कि हिण्डन के किनारे स्थित ग्रामों में नालों को चिन्हित करे एवं सुनिश्चित करे कि किसी तरीके का अपशिष्ट हिंडन नदी मे न जाए। जल संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में भी जल संरक्षण हेतु कार्यकम कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से अरूण यादव अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता जीडीए मानवेन्द्र सिंह,मुख्य अभियन्ता नगर निगम। एनके चौधरी यूपीसीडा, आवास विकास, सिंचाई विभाग, विकास विभाग के अधिकारी व एजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आईएनआर को यूएसडीटी में बदल निवेश कर पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आईएनआर को यूएसडीटी में बदल निवेश कर पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में साईबर थाना सैन्ट्रल ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सेक्टर-80 फरीदाबाद निवासी ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि फेसबुक पर ठगों द्वारा उससे सम्पर्क किया गया जहां पर उसे बातों में फंसा कर ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए विश्वास में लिया गया। शिकायतकर्ता को ठगों द्वारा बताया गया कि वे आईएनआर को यूएसडीटी में बदल कर निवेश करते है। जिसके बाद निवेश के लिए उसके पास एक लिंक भेज कर उससे लॉगिन करवाया गया। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने 2 लाख रुपए ठगों के पास भेज और यूएसडीटी में बदल कर निवेश करने को कहा। जिसके बाद ठगों द्वारा 4950 रूपए शिकायतकर्ता के खाता में लाभ के तौर पर भेजे और अधिक लाभ के लिए ज्यादा निवेश करने को कहा। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने 20 लाख का निवेश किया जिसके तुरंत बाद ठगों ने उसे ब्लॉक कर दिया। ऐसे करके ठगों ने 21,95,050 रुपए की ठगी को अंजाम दिया। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में मामला दर्ज किया गया।

### आरोपी को 3 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शिरीष वासी विठ्ठलवाडी, आकाश घोसले निवासी शिवशंभू कॉलोनी, पुणे, महाराष्ट्र व तौफिक अलफज वासी गांव रनियाला फिरोजपुर झिरका हाल रायगढ महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी तौफिक व आकाश खाताधारक है और इनक खाता में क्रमश 3.5 और 2 लाख फ्राड के पैसे आए थे तथा शिरीष ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाता था इसने आकाश से खाता लेकर ठगों को दिया था। अधिक पूछताछ में सामने आया की आरोपी तौफिक ट्रांसपोर्ट का काम करता है और वही आकाश व शिरीष पुणे में हास्पिटल में काम करते है। अधिक पूछताछ के लिए आरोपी तौफिक को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है तथा आकाश और शिरिष को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया गया है।

लोगों ने सोनी को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी

# मोहन सोनी स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा फरीदाबाद इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से सीए मोहन सोनी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक संजीव सोनी, पूर्व न्यायाधीश बी दिवाकर, वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी वर्मा, वरिष्ठ उद्योगपति आरडी वर्मा, प्रो. प्रवीन वर्मा, हरियाणा सरकार के पूर्व सहायक एडवोकेट जरनल विकास वर्मा, राष्ट्रीय कवि एवं अधिवक्ता अशोक सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता डीके सोनी, एडवोकेट मनीष सोनी, टैक्स अधिवक्ता दीपक वर्मा, गौतम वर्मा एवं समाज के अन्य प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। मीटिंग प्रारंभ होते ही सभी एकत्र प्रबुद्धजनों ने देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। पूर्व न्यायाधीश बी दिवाकर ने कहा कि स्वर्णकार समाज के पढ़े-लिखे लोग एवं प्रोफेशनल बंधुओं द्वारा समाज को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है ताकि आईएएसए आईपीएस एवं बड़े अधिकारी देश की सेवा के लिए कार्य कर सकें। वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी वर्मा ने मोहन सोनी को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि समाज में ऐसे ही युवाओं की जरूरत है। जिससे समाज का प्रत्येक व्यक्ति आगे बढ़ सकें। वरिष्ठ उद्योगपति आरडी वर्मा ने कहा कि समाज को सामूहिक विवाह तथा कोचिंग सेंटर शुरू करने चाहिए, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद हो सकें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहन सोनी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पुलिस का अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार

# अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 देसी कट्टा भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच बॉर्डर व क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को 2 देसी कट्टा व एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 08 मई को क्राईम ब्रांच बॉर्डर व क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः मनीष निवासी दयाल नगर सूरजकुंड फरीदाबाद को दिल्ली मथुरा रोड से व आरोपी रवि निवासी हाल नोएडा उत्तर प्रदेश को गुरुग्राम कैनाल बल्लभगढ़ बाई पास रोड एरिया से देशी कट्टा व कारतूस सहित काबू किया। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शास्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग



पंजीकृत किए गए हैं। पूछताछ में पता सामने आया आरोपी मनीष ने देशी कट्टा अपने दोस्त से 3000 रूपए में लिया था। आरोपी पर पूर्व मे चोरी के कुल 3 मुकद्दमे दर्ज है। वही आरोपी रवि देसी कट्टा व कारतूस को तिगांव पुल एरिया से किसी व्यक्ति से 3500 रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व में चोरी व अवैध हथियार रखने सहित कुल 5 मुकदमे दर्ज है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद माननीय न्यायालय मे पेश कर जेल भेजा गया है।

# स्टॉक ट्रेडिंग धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



ऑनलाइन स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को साईबर थाना सेंट्रल की टीम ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सेंट्रल में फरीदाबाद निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसे इंस्टाग्राम पर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग से संबंधित एक विज्ञापन मिलाए जिस पर उसने डिटेल भरी फिर ठगों ने व्हाट्सएप के माध्यम से उससे सम्पर्क किया गया और उन्होंने ट्रेडिंग विशेषज्ञ होने का दावा किया तथा निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा कर उसे ठगों के प्लेटफॉर्म में निवेश करने के लिए विश्वास में लिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने ठगों के बताए खाता में विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 11.48 लाख रुपए भेजे। जब उसने पैसे निकालने चाहे तो उसको व्हाट्सएप से ब्लॉक कर दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी प्रकाश हसमुख भाई वाघोला वासी गांव आसेड़ा जिला बनसकाटा गुजरात को गिरफ्तार किया गया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **जुनेद पुत्रः जहीर अहमद पताः** मकान नंबर –215, गली नंबर–05 अंबेडकर बस्ती मौजपुर दिल्ली, ने **FIR No. 201/2022, U/s 323/341/506/34/IPC थानाः जाफराबाद दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जुनेद**, मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जुनेद**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 201/2022, U/s 323/341/506/34/IPC थानाः जाफराबाद दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जुनेद**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**एल.डी. जे.एम.एफ.सी.–05, कमरा नं. 07 द्वितीय तल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/5852/NE/2025**
**(Court Matter)**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद हांसी | वार्ड नं. 24 में शहीद मदन लाल धींगड़ा सामुदायिक केन्द्र की पार्किंग और पार्किंग क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल तथा मुख्य द्वार का निर्माण + 13 कार्य। | 05.05.2025 16.05.2025 | 2.50 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7015778071 eomchansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34619/I/88/7 दि. 09.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | एससी–एसटी आयोग, बेज नं. 49–52, सेक्टर–2, पंचकूला के कार्यालय भवन का पुनरोद्धार (एयर कंडीशनर्स का प्रावधान केवल)। | 09.05.2025 15.05.2025 | 9.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed- ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला न्यायालय हिसार में लिटिगेंट मेन हॉल के लिए एसी यूनिट प्लांट की स्थापना। | 08.05.2025 21.05.2025 | 9.22 लाख | httpsetenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | धासू, हिसार–I बीसी चौपाल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 28 कार्य। | 08.05.2025 20.05.2025 | 145.98 लाख | httpsetenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | स्वास्थ्य विभाग सिविल हॉस्पीटल नारनौल | सिविल हॉस्पीटल नारनौल के लिए जेएसएसके डाइट निविदा। | 09.05.2025 22.05.2025 | ईएमडी 30000 | httpsetenders.hry.nic.in | 9992249991 nnlmsgh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/80/34634/I/88/7 दि. 09.05.25

# यूपी को 'वन ट्रिलियन डॉलर' इकॉनमी बनाने में विश्व बैंक की अहम भूमिका

विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने यूपी के विकास मॉडल की जमकर प्रशंसा की। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट के बाद उन्होंने राज्य की प्रगति को अभूतपूर्व बताया और कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो यूपी प्रदेश को तेज़ी से आगे बढ़ाना होगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में गर्मजोशी से हुए स्वागत पर बंगा ने भावुक होकर कहा, ₹उत्तर प्रदेश मेरा ससुराल है, और यहां आकर घर लौटने जैसा अनुभव हुआ।₹ उन्होंने राज्य में बदली हुई तस्वीर को 12 साल पहले के मुकाबले कहीं ज़्यादा प्रेरणादायक बताया। बंगा ने कहा कि प्रदेश में बेहतर सड़कों, कानून-व्यवस्था और औद्योगिक माहौल ने इसे निवेश के लिए सबसे उपयुक्त राज्यों में ला खड़ा किया है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व क्षमता और दृष्टिकोण की भी खुलकर तारीफ की।



वर्ल्ड बैंक चीफ अजय बंगा ने की सीएम योगी से मुलाकात

### तकनीक और नवाचार से समृद्ध हो रहा उत्तर प्रदेश

विश्व बैंक अध्यक्ष ने छोटे किसानों को यूपी की असली ताकत बताते हुए कहा कि तकनीक और नवाचार से वे समृद्ध हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने प्रदेश में पर्यटन और ईको-टूरिज्म की असीम संभावनाओं का जिक्र किया। स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की प्रगति, विशेषकर 'रेडीमेड मील फॉर मदर' योजना को उन्होंने एक प्रभावी पहल बताया।

### 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों के लिए योगी सरकार की तारीफ की

छोटे और मध्यम उद्योगों को प्रदेश की आर्थिक रीढ़ मानते हुए बंगा ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के ज़रिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों के लिए योगी सरकार की तारीफ की, जिससे निवेश को बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अजय बंगा और विश्व बैंक टीम का स्वागत करते हुए बताया कि यूपी 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक का समर्थन इस यात्रा में बेहद महत्वपूर्ण है। बांगा के इस दौरे ने न केवल यूपी की अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बढ़ती विश्वसनीयता को दर्शाया, बल्कि यह भी साबित किया कि राज्य अब वैश्विक विकास में भागीदार बनने के लिए तैयार है।विश्व बैंक के सहयोग से यूपी-एग्रीस कार्यक्रम हुआ लागू यूपी को उन्नत प्रदेश बनाने की दिशा में सीएम योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने ऐतिहासिक पहल करते हुए दो प्रमुख कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। शुक्रवार को विश्व बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश में यूपी-एग्रीस कार्यक्रम को लागू किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए प्रदेश के पूर्वांचल व बुंदेलखंड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और 10 लाख किसानों को फायदा होगा। इसी प्रकार योगी सरकार के एक और बड़े प्रोजेक्ट 'एआई प्रज्ञा' का भी शुक्रवार को सीएम योगी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### लखनऊ में छावनी और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ी



**लखनऊ।** भारत व पाकिस्तान बीच तनावपूर्ण माहौल के चलते यूपी में छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है।

### छपरा में एटीएम कैश वैन से 70 लाख की चोरी

**छपरा।** जिले नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पीएनबी की कैश वैन से 70 लाख रुपए की चोरी कर ली गई। बताया जा रहा है कि वैन खड़ा कर सभी कर्मी आईसीआईसीआई बैंक में रुपए निकालने चले गए। इस बीच जब लौटकर आए तो वैन से रुपए गायब मिले। इस मामले में पुलिस ने तत्काल कैश वैन की सुरक्षा में तैनात कर्मी समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया है, और उनसे पूछताछ की जा रही है।



### नक्सलियों को हथियार देने वालों पर शिकंजा

**पटना।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने चार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इन सभी आरोपियों पर नक्सलियों और अन्य अपराधियों को अवैध हथियार सप्लाई करने का आरोप है। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। इन चारों आरोपियों के नाम विकास कुमार, सत्यम कुमार, देवमणि राय और अहमद अंसारी है। इन सभी को पहले ही स्थानीय पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है।




## सीएम योगी ने नापाक हरकतों पर पाक को लताड़ा, कहा-

# पाकिस्तान अपनी हरकतों की वजह से अपने वजूद को जूझेगा

पाकिस्तान की ओर से लुक-छिपकर भारत पर किए जा रहे हमलों पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को लताड़ लगाई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों की वजह से अपने वजूद को जूझेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को सेना का मनोबल बढ़ाना है हमारा देश भारत विजयी है और विजयी रहेगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारत विजयी है और हर हाल में विजयी रहेगा। देश के दुश्मनों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। 22 अप्रैल 2025 की घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब हो चुका है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं के संयुक्त प्रयास से आतंकवादियों के मंसूबे चकनाचूर हो गए। आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान सेना के अधिकारी व मंत्री इस बात का सुबूत है कि पाकिस्तान कैसे आतंकवाद की मदद कर रहा है? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर हुसैनगंज चौराहे पर स्थित प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करने के दौरान शुक्रवार को बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र नायकों की भारत में जगह है, देश विरोधियों का कोई स्थान नहीं है।

*देश के दुश्मनों के लिए भारत में कोई जगह नहीं*

*हुसैनगंज चौराहे का नया नाम महाराणा प्रताप चौराहा*

### महाराणा प्रताप की वीरता का किया उल्लेख




महाराणा प्रताप की वीर गाथाओं के बारे में कहा कि ऐसे वीरों की बदौलत ही हम आजाद है। इसी तरह भारतीय सेनाओं का भी हौसला बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि अभी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने का प्रयास होगा, लेकिन हमें केंद्र द्वारा मिलने वाले आदेशों के तहत ही काम करना है और भारतीय सेनाओं व उनके परिजनों का मनोबल बनाए रखने के लिए साथ खड़े रहना है। महाराणा प्रताप की जयंती पर मुख्यमंत्री ने हुसैनगंज चौराहे का नाम महाराणा प्रताप चौराहा करने की घोषणा की। कहा कि वर्ष 1998 में जब गोरखपुर से सांसद थे तो प्रदेश में महाराणा प्रताप की तीन मूर्तियां लगाने का प्रस्ताव तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को दिया गया था। इसमें लखनऊ, गोरखपुर और प्रयागराज था।

### भारत-पाक तनाव के बीच राम मंदिर की बढ़ाई गई सुरक्षा

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि भारत व पाकिस्तान के तनाव के मद्देनजर श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर सीआरपीएफ, एसएसएफ, पीसीएस, पीएससी, सिविल पुलिस एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों की तैनात की गई है। जरूरत पड़ने पर सुरक्षा को और बढ़ाया जा सकता है।

## 10000 से ज्यादा इकाइयों को स्वीकृति

# पीएमएफएमई योजना में बिहार पूरे देश में अव्वल

एजेंसी ▶▶ पटना



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के सफल क्रियान्वयन और अधिक से अधिक संख्या में इससे लोगों को जोड़कर लाभ दिलाने में बिहार ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। अब तक 10296 आवेदकों को लोन देने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें 6589 इकाइयों को ऋण मिल चुका है। कुल वितरण का 63 फीसदी है। दरअसल पीएमएफएमई का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के असंगठित क्षेत्र को बढ़ावा देना और इसमें प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना है। इस योजना की मदद से किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और उत्पादक सहकारी समितियों को उनका वास्तविक मूल्य मुहैया कराई जाती है।

**35% अनुदान**

व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई को उनकी परियोजना लागत का 35 फीसदी (अधिकतम 10 लाख रुपये) तक का क्रेडिट लिंक्ड अनुदान दिया जा रहा है। लाभार्थियों का अंशदान कम से कम 10 प्रतिशत और कार्यशील पूंजी समेत कुल निवेश 20 प्रतिशत तक होना आवश्यक है।

### एफपीओ, एसएचजी को भी सहायता

इसमें सामान्य सुविधा केंद्र के तहत एफपीओ, एसएचजी और सहकारी समितियों को सामान्य बुनियादी ढांचे के लिए सहायता दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 35 प्रतिशत (अधिकतम 3 करोड़ रुपये) तक का अनुदान संभव है। लाभार्थी समूह को न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान और कुल पूंजी निवेश 20 प्रतिशत तक करना होता है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि पीएमएफएमई राज्य में उद्यमशीलता खासकर छोटे स्तर के उद्योगों को स्थापित करने के लिए बेहद लाभकारी योजना है। इसका क्रियान्वयन बेहतरीन तरीके से बिहार में हो रहा है। इसी का परिणाम है कि देश में राज्य अव्वल स्थान पर पहुंच गया है। राज्य के लिए यह गर्व की बात है। इससे राज्य में उद्योग-धंधों और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

## पेज एक का शेष

### जम्मू, सांबा, पठानकोट, अमृतसर...

**सैन्य ठिकानों पर हमले:** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इसमें जम्मू: नगरोटा केंटोनमेंट, 26 इन्फेंट्री डिवीजन, सुंजवां आर्मी कैंप, 213 ट्रांजिट कैंप, बी. डी. बाड़ी ट्रांजिट कैंप। जैसलमेर (राजस्थान): मिलिट्री स्टेशन, डेजर्ट वॉरफेयर स्कूल/काउंटर इंसर्जेंसी एंड जंगल वारफेयर स्कूल, एयरफोर्स स्टेशन, पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज। पठानकोट (पंजाब): फाइटर प्लेन स्क्वॉड्रन, अटैक हेलिकॉप्टर स्क्वॉड्रन, ट्रांसपोर्टेबल रडार और ट्रोपो यूनिट्स। फिरोजपुर (पंजाब): आर्मी कैंटोनमेंट, कई आर्मी की कंपनियां-स्क्वॉड्रन तैनात। अमृतसर (पंजाब): आर्मी कैंटोनमेंट, बीएसएफ की कई चौकियां। फाजिल्का (पंजाब): आर्मी और बीएसएफ की पोस्ट। अवंतीपोरा (जम्मू-कश्मीर): एयरफोर्स का एयरबेस स्टेशन शामिल रहे।

**पूरी कश्मीर घाटी में ब्लैकआउट:** शुक्रवार देर शाम कश्मीर घाटी में ब्लैकआउट लागू कर दिया गया। कुछ स्थानों पर सायरन की आवाजें सुनी गईं। जम्मू में हुए हमलों के बाद ब्लैकआउट लागू किया गया, जिससे स्थानीय लोग घबराकर अपने घरों की ओर भागे। पुलिस ने लोगों से घर पर रहने और सभी लाइटें बंद करने को कहा है। पाकिस्तानी सैनिकों की भारी गोलाबारी के बाद कश्मीर के तीन सीमावर्ती जिलों में एलओसी के पास रहने वाले हजारों लोगों को बंकरों या अन्य स्थानों पर ले जाया गया है। पाकिस्तान नागरिक इलाकों पर बिना उकसावे के गोलाबारी शुरू करने के बाद लोगों को निकाला गया।

**गुजरात के बनासकांठा में 24 सीमावर्ती गांवों में ब्लैकआउट:** गुजरात के बनासकांठा के कलेक्टर मिहिर पटेल ने शुक्रवार देर रात बताया कि जिले के 24 सीमावर्ती गांवों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। सभी नागरिकों से कहा गया है कि अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन करे निर्देशों का पालन करें।

### पीएम मोदी ने की उच्च-स्तरीय...

का निर्देश दिया। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री की यह बैठक रक्षा मंत्री द्वारा सीडीएस, तीनों सेनाप्रमुखों और रक्षा सचिव के साथ की गई बैठक के बाद हुई।

### रक्षा मंत्री ने की सीडीएस और तीनों...

मंत्रालय में इस बैठक का आयोजन बीते गुरुवार रात पाकिस्तान द्वारा भारत के कुल 15 सैन्य ठिकानों पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले की नाकाम कोशिश के बाद किया गया था। सुरक्षा से जुड़े हर पहलू की बैठक में बारीकी से रक्षा मंत्री ने जानकारी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने सीडीएस समेत तीनों सशस्त्र सेनाध्यक्षों को पाकिस्तान की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए उसके प्रत्येक दुस्साहस का करारा जवाब देने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि नई दिल्ली में जारी बैठकों के साथ ही रक्षा मंत्री जहां एक ओर सीडीएस व तीनों सेनाप्रमुखों के लगातार संपर्क में बने हुए हैं व उनसे जरूरी अपडेट ले रहे हैं। वहीं, रक्षा मंत्री और एनएसए के स्तर पर सुरक्षा से जुड़ी हुई हर अपडेट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाई जा रही है।

**सेनाएं मुस्तैदी से तैनात, मुंह की खाएगा पाक:** रक्षा मंत्री ने अपने एक हालिया बयान में ये साफ किया है कि सेना, वायुसेना और नौसेना देश की सीमाओं की पूरी मुस्तैदी के साथ निगरानी करते हुए सुरक्षा कर रही हैं। अगर पाकिस्तान अपनी कोई नापाक चाल फिर से चलता है तो निश्चित रूप से उसे मुंह की खानी पड़ेगी। सूत्रों ने कहा कि भारत ने अरब सागर के क्षेत्र में एक चेतावनी भी जारी की है। जिसका उद्देश्य नौसेना की सतर्कता को चाक-चौबंद बनाए रखने के अलावा इलाके से गुजरने वाले अन्य जहाजों को आगाह करना है। पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमले के काफी पहले से नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की चौबीसों घंटे निगरानी में जुटी हुई है।

**24 घंटे से कम समय में दिया जवाब:** रक्षा मंत्री के मुताबिक, भारत की कार्रवाई धैर्य के साथ संयमित थी। लेकिन अगर कोई उसके इस रुख का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। हम अपने देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और इसमें कोई सीमा हमारे लिए बाधा नहीं बनेगी। भारत की सेनाओं ने देश की सरहदों की रक्षा के अपने दायित्व का नजारा बीते दिनों पाक द्वारा किए गए मिसाइल, ड्रोन हमलों को 24 घंटे से भी कम समय में विफल कर दिखा दिया है।

**सेनाप्रमुख करेंगे टीए कर्मियों की भर्ती:** उधर, तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को यह अधिकार प्रदान किया है कि वह परंपरागत सेना (टीए) के प्रत्येक अधिकारी या जवान की अपने हिसाब से किसी भी मिशन में यानी सीमा पर भी तैनाती कर सकते हैं। दरअसल परंपरागत सेना से जुड़े 1948 के नियम-33 के तहत रक्षा मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक टीए में फिलहाल 32 इन्फैंट्री बटालियन हैं। जिनमें से 14 को अब सेना की अलग-अलग कमांड में तैनात किया जा सकता है।

### 'तुर्किये' निकला पाक का मददगार...

कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे थे: उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 8:30 बजे एक असफल बेवजह ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले के बाद उसे तेज हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित सभी नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है। हमने आपको एक स्क्रीनशॉट भी दिखा रहे हैं, उसमें पंजाब सेक्टर में उच्च वायु रक्षा चेतावनी की स्थिति के दौरान एप्लीकेशन फ्लाइट रडार 24 का डेटा दिखाया गया है। जैसा कि आपने देखा है, हमारे घोषित बंद के कारण भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र नागरिक हवाई यातायात से पूरी तरह से खाली है। हालांकि, कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे हैं। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक वाहकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

**जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान का एक और एयर डिफेंस रडार नष्ट:** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार, उड़ी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी कैलिबर आर्टिलरी गन और सशस्त्र ड्रोन का इस्तेमाल कर नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी की। भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए। जवाबी कार्रवाई में भारत ने भी बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा रात में पाकिस्तान के सशस्त्र यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) ने बठिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश भी की जिसे पकड़ कर निष्क्रिय कर दिया गया। पाकिस्तानी हमले के जवाब में पाकिस्तान में चार हवाई रक्षा स्थालों पर सशस्त्र ड्रोन लॉन्च किए गए। इनमें से एक ड्रोन एडी रडार को नष्ट करने में सक्षम रहा।

**और क्या बोले विदेश सचिव ?**

**पाक के दावे बेतुके और अपमानजनक:** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बजाए, पाकिस्तान ने यह बेतुका और अपमानजनक दावा किया कि यह भारतीय सशस्त्र बल हैं जो अमृतसर जैसे अपने ही शहरों को निशाना बना रहे हैं और पाकिस्तान पर दोष मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। जैसा कि उनके इतिहास से पता चलता है, वे ऐसी हरकतों में पारंगत हैं... पाकिस्तान ने गलत सूचना फैलाई कि भारत ने ड्रोन हमले के जरिए नानकम साहिब गुरुद्वारे को निशाना बनाया, जो एक और सरासर झूठ है... पाकिस्तान सांप्रदायिक विवाद पैदा करने के इरादे से स्थिति को सांप्रदायिक रंग देने की पूरी कोशिश कर रहा है।

### देश में अन्न के भंडार भरे हैं...

सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। हर जगह पाकिस्तान मुंह की खा रहा है। हमें अपनी सेना पर, उनके पराक्रम-शौर्य पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि हमारे पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं। वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मीट्रिक टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। चावल की भी कोई कमी नहीं है, पिछले साल के 1378.25 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले इस साल 1464.02 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। गेहूं पिछले साल था 1132.92 लाख मीट्रिक टन, जो इस बार 1154.30 लाख मीट्रिक टन उत्पादन अनुमानित है, जिसमें और बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। श्री शिवराज सिंह ने कृषि वैज्ञानिकों को भी बधाई दी, जिनके द्वारा विकसित किस्मों व शोध के कारण बढ़ते हुए तापमान में भी उत्पादन में वृद्धि हो रही है। गेहूं-चावल दोनों का उत्पादन एक साल में चार से पांच प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने बताया कि दालों का उत्पादन भी भरपूर हुआ है, जो 242.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 250.97 लाख मीट्रिक टन हो गया, वहीं कुल तिलहन 396.69 लाख मीट्रिक टन से 428.98 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हो गया है। उन्होंने बताया कि फल-सब्जियों की भी चिंता नहीं है, बागवानी फसलों का उत्पादन भी पिछले साल के 3547 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 3621 लाख मीट्रिक टन हो गया है। आलू पिछले वर्ष 570.53 लाख मीट्रिक टन था, जो इस बार 595.70 लाख मीट्रिक टन है। प्याज 242.67 लाख मीट्रिक टन था, जो इस साल 288.77 लाख मीट्रिक टन है। इसी तरह, टमाटर 213. 23 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 215.49 लाख मीट्रिक टन है। केंद्रीय मंत्री ने किसानों से उपज खरीद की भी जानकारी दी और बताया कि 8 मई तक की स्थिति में, वर्ष 2024-25 में 539.88 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। इसी तरह, 8 मई तक 267.02 लाख मीट्रिक टन गेहूं किसानों से खरीदा जा चुका है और यह सिलसिला जारी है। चावल-गेहूं के भंडार भरे हैं, दालों का बफर स्टाक हमारे पास है, किसी चीज की कोई कमी नहीं है। शिवराज सिंह ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में कई बार गांव खाली कराए जाते हैं तो ऐसे में हम यह आंकलन भी कर रहे हैं कि वहां अभी कौन-सी फसल बोई जाती है, जिसके लिए बीज व प्लांटिंग मटेरियल भी हम तैयार रखेंगे। अगर थोड़ी-बहुत लेट भी बोवनी होती है तो उस परिस्थिति में उन्हें क्या आवश्यकता होगी, उसकी चिंता भी हम करेंगे। हम जम्मू-कश्मीर व पंजाब जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा करेंगे व अधिकारियों के स्तर पर भी संवाद होगा कि उन्हें किन चीजों की इन परिस्थितियों में जरूरत है, उसका भी इंतजाम करके रखेंगे।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने...

अन्य केंद्रीय सरकारी अस्पतालों ने तैयार तैनाती के लिए आपूर्ति के साथ डॉक्टरों और नर्सों को जुटाया है। उन्हें राज्य और जिला प्रशासन, सशस्त्र बलों और डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स, निजी क्षेत्र के अस्पतालों, धर्मार्थ संस्थानों आदि के क्षेत्रीय संघों के साथ समन्वय करने की सलाह दी गई है, ताकि आपातकालीन नेटवर्क को सहयोगात्मक तरीके से मजबूत किया जा सके। इसके अतिरिक्त, एम्स, पीजीआईएमईआर, जेआईपीएमईआर और अन्य प्रमुख अस्पतालों में आपदा तैयारियों के लिए राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल आयोजित की गई है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा में क्षमता निर्माण के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू), एम्स नई दिल्ली और आईजीओटी के सहयोग से सीपीआर, प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी जीवन समर्थन के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू किए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्यों के भीतर संबंधित लोगों के साथ निर्बाध समन्वय के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ अपनी बैठकों की भी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि सभी स्वास्थ्य आपातकालीन प्रणालियाँ हर समय पर्याप्त रूप से सुसज्जित और कार्यात्मक हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी राज्य सरकारों, विशेषकर जिला स्तर पर, विशेषकर सीमावर्ती राज्यों के साथ जमीनी स्तर पर संपर्क प्रभावी ढंग से स्थापित किए जाएँ, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मंत्रालय में एक चौबीसों घंटे वाले नियंत्रण और कमांड सेंटर को वर्तमान समय में चल रहे प्रयासों की निगरानी करते हुए राज्यों को सहायता प्रदान करनी चाहिए।


## जीएसटी घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन

# 800 करोड़ घोटाले में जमशेदपुर का कारोबारी को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर

शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर 800 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े से जुड़े केस में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार की सुबह एक साथ तीन जगहों रांची, जमशेदपुर और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कुछ नौ ठिकानों पर छापेमारी की। गुरुवार की देर शाम जमशेदपुर के एक कारोबारी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को ईडी ने पूछताछ के बाद उसके जुगसलाई स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व में भी इस मामले में 2023 में अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया की गिरफ्तारी हुई थी, फिलहाल वह जमानत पर था। ईडी की टीम उसे गिरफ्तार कर रांची ले आई है। रांची में कांके रोड में रहने वाले कारोबारी विवेक नरसरिया के



इशान अपार्टमेंट स्थित फ्लैट नंबर 201, कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में कारोबारी शिव कुमार देवड़ा, अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान ईडी ने डिजिटल डिवाइस, निवेश से जुड़े दस्तावेज समेत महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, ईडी ने जमशेदपुर में विक्की भालोटिया के ठिकानों पर पहले तो छापेमारी की। देर शाम उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

## आम लोग भी हो सकेंगे शामिल

# तनाव के बीच बिहार में सिविल डिफेंस को मजबूत करने की पहल

एजेंसी ▶▶ पटना

भारत - पाक तनाव के बीच विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि ब्लैक आउट की मॉक ड्रिल पूरे राज्य में कराई जाएगी। सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाई जाएगी। अभी यह संख्या 2000 है। सिविल डिफेंस स्वयंसेवक में एनसीसी, एनएसए, स्काउट-गाइड, आपदा मित्र को भी जोड़ा जाएगा। आमलोग भी स्वेच्छा अनुसार इसमें जुड़ सकते हैं।

बताया कि स्वास्थ्य की तैयारियों की भी समीक्षा की गई है। मेडिकल इमेरजेंसी, ऑक्सीजन और बेड की



उपलब्धता, स्ट्रेचर, मानव संसाधन पर चर्चा की गई। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार तैयारी की जा रही है। सिविल सर्जन, मेडिकल कॉलेज, एम्स, आईजीआईएमएस के लोग बैठक में शामिल रहे। आपात स्थिति के लिए बेड रिजर्व रखने को कहा गया है। इससे पहले 7 मई को पटना समेत पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और बेगूसराय में देर शाम करीब दस मिनट के ब्लैक आउट के साथ मॉकड्रिल हुई थी।




## दर्शकों को पसंद आई ईशान-भूमि की जोड़ी

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा वेब सीरीज 'द रॉयल्स' गुरुवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज के जरिए पहली बार ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर एकसाथ नजर आए हैं। एक शाही परिवार की कहानी दिखाती इस सीरीज को लेकर दर्शकों को काफी इंतजार था। ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की इस सीरीज को 'द रॉयल्स' कुछ लोग सीरीज की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कई लोग सीरीज से निराश हुए हैं। एक यूजर ने ट्विटर पर लिखा, द रॉयल्स एक खूबसूरत दिखने वाली, लेकिन फ्लैट कहानी है। ये अपनी क्षमता को बर्बाद कर देती है। महल-सेट, इंस्टाग्रामेबल, बिजनेस-मीट-रॉयल्टी रोमांटिक कॉमेडी बनने की कोशिश में, यह न तो आकर्षक बन पाई है और न ही ढंग की बन पाई है।

लाइफ Style

# साई पल्लवी

## डॉक्टर बनने के बाद चुनी एक्टिंग




जिस दौर में हीरोइनें यानी एक्ट्रेस बिना मेकअप के अपना चेहरा दिखाने तक से बचती हों, उस दौर में अगर कोई अभिनेत्री ऐसी हो जो न सिर्फ असल जिंदगी में बल्कि फिल्मों में भी मेकअप करने से बचती हो तो शायद इस पर यकीन कर पाना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन, ऐसी ही एक्ट्रेस हैं साउथ की साई पल्लवी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

साई पल्लवी के बारे में ये मशहूर है कि उन्हें मेकअप करना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। साई अपनी सिम्पलीसिटी के लिए जानी जाती हैं। तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में अपने अभिनय से सबको प्रभावित करने वाली साई पल्लवी ने गुरुवार को अपना 33वां जन्मदिन मनाया। साई पल्लवी को उनकी महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने 10 साल के कॅरियर में साई छह फिल्मफेयर (साउथ) और 2 दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं।

इन दिनों साई रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जिसमें वो मां सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से साई बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। 9 मई 1992 को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कोटागिरी में जन्मी साई पल्लवी एक बडगा (बदगा) परिवार से आती हैं। साई पल्लवी का पूरा नाम साई पल्लवी सेंथमराई है। लेकिन, फिल्मों में वो साई पल्लवी के नाम से ही जानी जाती हैं। साई पल्लवी एक अभिनेत्री के साथ-साथ डॉक्टर भी हैं। उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने 2016 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।

हॉलीवुड मसाला



## स्टंट की दुनिया के बेताज बादशाह

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया में बहुत से फिल्म स्टार्स हैं और फिर हैं टॉम क्रूज । वो शख्स जिसने लगभग तीन दशकों में मिशन इम्पासिबल मिशनः इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी को हाई-ऑक्टेन स्टंट्स की एक मास्टरक्लास बना दिया। जब 1996 में पहली फिल्म रिलीज हुई थी, तब उसकी पहचान एक ही सांस रोक देने वाले सीन से बनी थी। क्रूज एक प्रेशर-सेंसिटिव फ्लोर के ठीक ऊपर, हवा में लटकते हुए। सन्नाटा ऐसा कि बस एक पसीने की बूंद की आवाज सुनाई दे। उस दौर में ये सीन क्रांतिकारी था। लेकिन, आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो वो सीन मानो सिर्फ वॉर्म-अप लगता हैं। क्योंकि, इसके बाद हर फिल्म के साथ क्रूज ने सिर्फ बार नहीं बढ़ाई, उसने उसे सीधे खाई में फेंक दिया। मिशनः इम्पॉसिबल 2 में वो यूटा की डेड हॉर्स पॉइंट की सीधी खड़ी चट्टानों पर बिना हार्नेस, बिना स्टंट डबल के चढ़ते दिखे।




## जेम्स फोले ने कई शानदार फिल्मों का किया निर्माण

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी निर्देशक जेम्स फोले का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से ब्रेन कैंसर से जूझ रहे थे। जेम्स फोले को 'फिफ्टी शेड्स', नेटफ्लिक्स की 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' और 'द करप्टर' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनका जन्म 28 दिसंबर 1953 को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में हुआ था। साल 1984 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म रेकलेस से फिल्म निर्माण का सफर शुरू किया। इसके बाद निर्देशक ने 'एट क्लोज रेंज' (1986) से क्रिटिक्स की प्रशंसा प्राप्त की, जिसमें सीन पेन और क्रिस्टोफर वॉकन ने अभिनय किया था। फोली ने 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' (1992), साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'फियर' (1996), और 'फिफ्टी शेड्स डार्कर' (2017) और 'फिफ्टी शेड्स फ्रीड' (2018) जैसे फिल्मों को बनाया था। निर्देशक ने टीवी में भी योगदान दिया है। उन्होंने 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'बिलियन्स' और 'ट्विन पीक्स' जैसी प्रशंसित सीरीज के एपिसोड का निर्देशन किया है। फोली ने मैडोना के लिए कई संगीत वीडियो का निर्देशन भी किया, जिसमें 'पापा डोंट प्रीच' और 'लिव टू टेल' शामिल हैं।



## अब हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी कंगना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी। वैराइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।



## छेड़ने वाले को हम छोड़ते नहीं

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी पोस्ट की है। उन्होंने इस स्टोरी में सेना के ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। साथ ही, इस स्टोरी की जरिए रणवीर सिंह ने उन ट्रोल्स को जवाब दिया है जो उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट करने पर ट्रोल कर रहे थे। रणवीर सिंह ने लिखा- कोई छेड़े तो हम उसे छोड़ते नहीं हैं। रणवीर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट किया था जिसके बाद उनके कमेंट सेक्शन में कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल करते हुए कमेंट्स किए थे जिसमे से ज्यादातर कमेंट्स पाकिस्तन की तरफ से आए थे। अब रणवीर ने उन ट्रोल्स को जवाब देते हुए स्टोरी लगाई है। रणवीर ने ऑपरेशन सिंदूर के लोगो की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- 'राह चलते को हम छेड़ते नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़े तो फिर हम उसे छोड़ते नहीं।'

टीवी मसाला




## गौरव चोपड़ा 'पुष्पा इंपॉसिबल' में निभाएंगे प्रोफेसर के किरदार

**नई दिल्ली।** सोनी सब का सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। जल्द ही इस सीरियल में एक्टर गौरव चोपड़ा भी नजर आएंगे। सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में गौरव चोपड़ा प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का रोल करेंगे। यह एक सख्त मिजाज का प्रोफेसर है, जो कि अपनी दमदार वकालत करने की क्षमता के लिए जाना जाता था। सीरियल में इस किरदार को लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की मदद के लिए लाया गया है। कुछ पुरानी घटनाओं के कारण राजवीर का व्यवहार कड़वाहट से भरा है। वह गुस्से में रहता है और शराब पीता है, उसको दुनिया और कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। लेकिन, पुष्पा जब उसके जीवन में आएगी है तो सबकुछ बदल जाएगा। अपने रोल के बारे में गौरव चोपड़ा ने भी बात की। वह कहते हैं, 'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो राजवीर का किरदार काफी जटिल किस्म का लगा। इस किरदार में काफी सारी लेयर्स हैं। एक एक्टर होने के नाते मुझे ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों।' सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में पुष्पा का किरदार करुणा पांडे निभाती हैं। गौरव उनके साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी बताते हैं, 'वह पुष्पा के किरदार को नेचुरल तरीके से निभाती हैं।

## रूपाली गांगुली ने फवाद खान को जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली।** अनुपमा अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान को जमकर लताड़ा है। अभिनेत्री ने पाकिस्तानी एक्टर को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुए हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'शर्मनाक हमला' कहा था। अब अभिनेत्री ने पाकिस्तानी अभिनेता की आलोचना की है। फवाद खान के बारे में एक खबर पर रिएक्शन देते हुए रूपाली गांगुली ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, 'आपका भारतीय फिल्मों में काम करना हमारे लिए भी शर्मनाक था।' अभिनेत्री की इस प्रतिक्रिया का यूजर्स ने समर्थन किया। साथ ही पाकिस्तानी एक्टर की आलोचना भी की।'कपूर एंड संस और 'ऐ दिल है मुश्किल सहित कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके फवाद खान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके हमले के बाद मारे गए आतंकियों के लिए दुख जताया था। उनकी पोस्ट में लिखा था, 'इस शर्मनाक हमले में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।



## 'सिंदूर' नाम से आई वो फिल्म, जिसने बॉक्स ऑफिस पर फोड़ा बम, जया प्रदा और शशि कपूर की चमकी थी किस्मत

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बीच अब 38 साल पहले रिलीज हुई 'सिंदूर' चर्चा में आ गई है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर दुनिया भर में धमाकेदार कमाई की थी। 'सिंदूर' फिल्म में शशि कपूर, जया प्रदा, गोविंदा और नीलम कोठारी थे, जबकि जितेंद्र और ऋषि कपूर खास रोल में नजर आए थे। कादर खान, शक्ति कपूर, गुलशन ग्रोवर, असरानी और अरुणा ईरानी फिल्म में सपोर्टिंग रोल दिखाई दिए थे। यह के. रवि शंकर के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी। हिंदी ड्रामा फिल्म 'सिंदूर' को कृष्णमूर्ति ने प्रोड्यूस किया था, जिसके डायलॉग कॉमेडियन कादर खान ने लिखे थे। 'सिंदूर' फिल्म स्वंत्रता दिवस के



मौके पर रिलीज हुई थी जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। खास बात यह थी कि साल 1987 में सिनेमाघरों में आई इस फिल्म का क्लैश 'वतन के रखवाले' से हुआ था। इसके बावजूद 'सिंदूर' 1987 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म (हाइएस्ट ग्रॉसिंग) बनी थी।

### साउथ रीमेक ने बॉलीवुड में मचाया तहलका

'सिंदूर' की कहानी की बात करें तो ये पति के शक पर आधारित थी कि कैसे विजय को लगाता है कि उसकी पत्नी लक्ष्मी का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर है। वह इस चलते उसे घर से निकाल देता है। मगर सालों के बाद लक्ष्मी और विजय का आमना-सामना होता है और विजय को सच्चाई पता चलती है और वह हैरान हो जाता है। यह तमिल फिल्म 'उन्नई नान शांतिथेन' की रीमेक थी और इसका निर्देशन के. रविशंकर ने किया था। वहीं 'सिंदूर' को साल 1989 में तेलुगू में 'सुमंगली' नाम से बनाया गया था उस वक्त 2 करोड़ के बजट में बनी 'सिंदूर' ने 3.50 करोड़ कमाए थे।

## लगातार दूसरी बार भारत करेगा मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी

हैदराबाद में होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतवासियों के लिए गर्व की बात है क्योंकि भारत लगातार दूसरी बार मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10 मई से भारत के हैदराबाद में शुरू होगी। पिछले साल यानी 2024 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन मुंबई में हुआ था। लगातार दो संस्करणों का आयोजन करने के साथ ही 1951 में इसकी स्थापना के बाद से लगातार सालों में वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने वाला इंडिया यूके के बाद दूसरा देश बन गया है।

### 10 से 31 मई तक होगा आयोजन

इस बार 10 मई को हैदराबाद के गाचीबोवली के इनडोर स्टेडियम में एक भव्य समारोह के साथ मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की शुरूआत होगी। जिसका समापन 31 मई को हाईटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में होगा।



### राजस्थान की नंदिनी गुप्ता करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

भारत ने पहली बार 1996 में बेंगलुरु में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। इस साल राजस्थान की नंदिनी गुप्ता मिस वर्ल्ड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। भारत द्वारा लगातार मिस वर्ल्ड की मेजबानी करना भारत के लिए गर्व की बात है।

### अब तक इंडिया को मिली हैं छह मिस वर्ल्ड

अब तक इंडिया की कुल छह सुंदरियों ने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया है। इनमें रीता फारिया (1966, महाराष्ट्र), ऐश्वर्या राय (1994, कर्नाटक), डायना हेडन (1997, तेलंगाना), युक्ता मुखी (1999, महाराष्ट्र), प्रियंका चोपड़ा (2000) और मानुषी छिल्लर (2017, हरियाणा) शामिल हैं।

## ऐसा गांव जहां दुल्हन के लिए श्राप था लाल जोड़ा, डोली से हो जाती थी गायब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लाल जोड़े में दुल्हन बनना हर लड़की का सपना होता है। लेकिन, यह सपना उस गांव के लिए श्राप बन गया, जहां दुल्हन बनीं लड़कियां डोली में बैठते ही गायब हो जाती थीं। हाल ऐसा कि लड़कियां लाल जोड़ा पहनने से भी डरने लगी थीं। लेकिन, घबराइए मत ऐसा रियल नहीं, बल्कि 1979 में रील लाइफ में हुआ था। फिल्म थी जानी दुश्मन, जिसमें बड़े बड़े सुपरस्टार्स नजर आए थे। फिल्म की कहानी ज्वाला प्रसाद की थी, जिसे अपने सपनों की लड़की से शादी करनी थी। शादी के दिन उसकी पत्नी लाल रंग का जोड़ा पहनती है और दूध में जहर मिलाकर मार देती है। इसके बाद वह शैतान बन जाता है।

### जानें कौन था ये 'जानी दुश्मन'




**गांव के पुजारी से लेकर कई लोगों पर किया जाता है शक**

इसके बाद वह बदला लेने की ठान लेता है और लाल जोड़ा पहने दुल्हनों का अपहरण कर उन्हें मारने लगता है। लेकिन, एक दूल्हे से जब ज्वाला का सामना होता है तो वह उसे मारकर उसके शरीर को कब्जे में कर लेता है। इसके बाद एक के बाद एक दुल्हनों के मरने का सिलसिला जारी रहता है। लेकिन, किसी को कुछ पता नहीं लगता। गांव के पुजारी से लेकर कई लोगों पर शक किया जाता है। अंत में शैतान का खात्मा होता है।

### चलो रे डोली उठाओ कहार

फिल्म जानी दुश्मन पॉपुलर फिल्मों में से एक है, जिसका गाना 'चलो रे डोली उठाओ कहार' आज भी सुनने को मिल जाता है। डरावने और सस्पेंस से भरी इस फिल्म का आज भी कोई तोड़ नहीं है। जबकि डेढ करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने उस समय 9 करोड़ की कमाई हासिल की थी। फिल्म में सुपरस्टार जितेंद्र, सुनील दत्त, प्रेमनाथ, शत्रुधन सिन्हा, विनोद मेहरा, रीना रॉय, नीतू सिंह, रेखा,योगिता बाली, बिंदिया गोस्वामी, रजा मुराद, सारिका, अमरीश पुरी, शक्ति कपूर और अरूणा ईरानी जैसे एक्टर्स नजर आए थे।

## 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग का नया वर्जन होगा तैयार



**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' का अब दूसरा पार्ट भी बन रहा है। इस फिल्म में एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। हाल ही में 'बॉर्डर 2' से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में भी 'संदेशे आते हैं' गाना दर्शकों को सुनने को मिलेगा। फिल्म 'बॉर्डर' में इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौर ने गाया था। फिल्म 'बॉर्डर 2' में यह गाना सोनू निगम के साथ एक दूसरा सिंगर गाएगा। इस सिंगर की भारत में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने जेपी दत्ता और निधि दत्ता के साथ मिलकर 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग के राइट्स लगभग 60 लाख रुपए में खरीद लिए हैं। इस गाने की फिल्म में बहुत ज्यादा अहमियत है। यही कारण है कि मेकर्स 'संदेशे आते हैं' को फिल्म 'बॉर्डर 2' में इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही मेकर्स इस गाने के जरिए भारतीय सेना को सलाम भी करना चाहते हैं। फिल्म 'बॉर्डर 2' को जेपी दत्ता, भूषण कुमार, निधि दत्ता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 'बॉर्डर' के निर्देशक जेपी दत्ता थे। फिल्म 'बॉर्डर 2' में 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह गाने वाले हैं। अरिजीत की गायिका के भारतीय दर्शक लंबे वक्त से दीवाने हैं। अब वह 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग में अपनी आवाज का जादू चलाएंगे। सूत्रों के अनुसार यह गाना सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ पर फिल्माया जाएगा। सनी देओल इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि, फिल्म 'बॉर्डर' में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही सरकार

# मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट: अचारपुरा में 160 करोड़ के निवेश के साथ 200 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। इस यूनिट से न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश को उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर का यह निवेश, मध्यप्रदेश को मेडिकल टैक्सटाइल, हाईजीन और हेल्थ सपोर्टिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई ऊंचाई देगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार निवेश लाने की नीति पर नहीं, निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही है।



◆ निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा



मेडिटेक, टेक्निकल, हाईजीन टैक्सटाइल में मप्र को मिलेगी वैश्विक पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस यूनिट को टैक्सटाइल ओडीओपी, पीएम मित्र पार्क और क्लस्टर पॉलिसी से जोड़कर क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। टैक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को पहले से ही राष्ट्रीय पहचान प्राप्त है और अब मेडिटेक, टेक्निकल और हाईजीन टैक्सटाइल में यह यूनिट उस पहचान को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने वाली है।

## जर्मनी और भारत की कंपनी कर रही यूनिट का निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि तकनीकी मानकों पर यह यूनिट भारत में अपने क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक फैक्ट्री होगी। इस यूनिट का निर्माण जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध टीडब्ल्यूई ग्रुप और भारत के अनुभवी ओबीटी ग्रुप के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। टीडब्ल्यूई, ओबीटी प्रालि नामक यह कंपनी अचारपुरा में लगभग 160 करोड़ रुपए की लागत से उच्च तकनीक आधारित उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रही है। यूनिट में महिलाओं और बच्चों के हाईजीन उत्पादों में प्रयुक्त टैक्सटाइल कंपोनेंट्स जैसे एडीएल, टॉप शीट और बैक शीट का निर्माण किया जाएगा। उत्पादन के पहले चरण में ही 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

## बिना बॉयलर के संचालन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूनिट के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां बिना बॉयलर के संचालन होगा और उत्पादन प्रक्रिया से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। हाईजीन और हेल्थ सेक्टर से जुड़ी यह यूनिट स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कोटरी का अवैध शिकार करने वाले गिरफ्तार

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा रेंज में वन विभाग ने कोटरी का अवैध शिकार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्राम कुर्रा में मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने संतुराम राठिया और अलार राउत को कोटरी का मांस पकाते समय रंगे हाथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने मिलकर कोटरी का शिकार किया और मांस को बांटकर पकाया। आरोपियों के निशानदेही पर वन विभाग ने शिकार में प्रयुक्त औजार और जले हुए मांस के टुकड़े बरामद किए।

### सीएम ने मानवता के सेवकों को किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर किसी भी मुसीबत के समय में मानवता की सेवा में तत्पर स्वयंसेवकों को नमन किया है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की भावना से कार्य करने वाले ये स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी मानव जीवन की रक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। संकट में फंसे नागरिकों को राहत पहुंचाना , जीवन रक्षक सहायता देना और सामाजिक समरसता बनाए रखना इनका परम कर्तव्य है। ऐसे सेवाभावी लोग मानवता के सच्चे प्रहरी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समाज सेवा के कार्यों में आगे आएं और जरूरतमंदों की सहायता करें।

एआई भारत एटएमपी' वर्कशॉप: नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला शुरू

# एआई दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गवर्नेंस को बना रहा सक्षम प्रशासन, कृषि और जीआईएस योजना में इसके उपयोग पर 'मंथन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष आयोजनों की श्रृंखला में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'एआई भारत एटएमपी' कार्यशाला: नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ किया।

कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार सुबह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया। कार्यशाला में केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभिन्न विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में एआई अनुप्रयोगों पर आधारित एक्सपीरियंस जोन भी स्थापित किया गया।

**खास बातें**

- एआई, आधार-अनुप्रयोग, डिजिटल गवर्नेंस और तकनीकी नवाचारों से प्रशासन को गतिशील बनाने पर विचार विमर्श
- वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया




## पूरे देश में नवाचार और स्टार्टअप को दिया जा रहा बढ़ावा

एमपीएसईडीसी के प्रबंध निदेशक आशीष वशिष्ठ ने कहा कि हम ऐसे भविष्य में प्रवेश करने जा रहे है, जहां प्रशासन का आधार एआई-ड्रिवन सेवाओं के वितरण, स्मार्ट समावेशन है। इंडिया एआई के जनरल मैनेजर कार्तिक सूरी ने बताया कि इंडिया एआई पूरे देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहा है। डीआरडीओ के वैज्ञानिक सौरभ मंडल ने कहा कि एआई दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गवर्नेंस को सक्षम बना रहा है।

**तेजी से काम शुरू**

### प्रशासन में एआई का उपयोग शुरू

प्रारंभिक सत्र में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां एआई पर तेजी से काम किया जा रहा है। राज्य ने एआई तकनीक का उपयोग प्रशासन में करना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आईटी और रिन्युएबल एनर्जी सबसे अधिक गति से बढ़ने वाले सेक्टर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां संपदा 2.0 पोर्टल से घर बैठे ही ई-रजिस्ट्री की जा रही है।

**उभरती तकनीक, डेटा संग्रहण एवं अनुप्रयोग बताए**

*आईआईएम इंदौर के डीन प्रो. प्रशांत साल्वन ने प्रशासनिक अधिकारियों को उभरती तकनीकों और डेटा संग्रहण एवं अनुप्रयोगों से संबंधित एथिक्स के विषय में जानकारी दी। 'डिजिटल गवर्नेंस में आधार की भूमिका' विषय पर यूआईडीएआई के उप महानिदेशक आमोद कुमार ने डेटा प्रमाणीकरण, ई-केवाईसी और डिजिटल समावेशन में आधार की आगामी भूमिका पर प्रकाश डाला। डीबीटी मिशन के अतिरिक्त सचिव सौरभ तिवारी, वरिष्ठ जिला रजिस्ट्रार स्वप्नेश शर्मा और कर्मचारी चयन बोर्ड के निदेशक साकेत मालवीय ने डिजिटल समावेशन, प्रमाणीकरण, ई-केवाईसी और आधार-आधारित दक्षताओं को साझा किया।*

### एआई आधारित चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली की जानकारी दी

कार्यशाला में डिराइव मेक्सिमम इंपेक्ट आउट ऑफ आधार विषय पर विशेष सत्र कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में हुए सत्र में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से सामाजिक कल्याण, नवाचार और ज्ञान आधारित सुशासन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के संबंध में जानकारी दी। यूआईडीएआई के उप महानिदेशक आमोद कुमार ने आधार की प्रभावशीलता और राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूआईडीएआई की एआई आधारित चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली ने आधार सेवा की गतिशीलता बढ़ा दी है। साथ ही लाभार्थी की डाटा सुरक्षा में बढ़ोतरी भी हुई है। यूआईडीएआई प्रौद्योगिकी केंद्र, बेंगलुरु के सुमित आनंद ने इस नवीन प्रणाली के तकनीकी पक्षों को विस्तार से समझाया। भारत सरकार के डीबीटी मिशन के अपर सचिव सौरभ कुमार तिवारी ने बताया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की व्यावहारिक चुनौतियों को आधार प्रमाणीकरण प्रणाली में आए तकनीकी नवाचारों ने और सुगम बना दिया है। समापन सत्र में यूआईडीएआई मप्र के निदेशक सुमित मिश्रा ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं से इन कार्यशालाओं से आधार सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने और लाभार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप और सक्षम बनाने के लिए जानकारियां मिलती हैं। इससे आधार की भूमिका को शासन के हर स्तर पर अधिकतम उपयोगी बनाने में सहायता मिलती है। यूआईडीएआई द्वारा उपलब्ध कराई गई आधार सेवा मात्र पहचान बताने का माध्यम नहीं है। इससे सुशासन और सुगम बनाता है, साथ ही प्रशासन में नवाचारों के लिए नए मार्ग प्रशस्त होते हैं।

### सभी विभागों में एआई को मुख्यधारा में लाया जाएगा

*स्टार्ट-अप्स और उद्योग प्रतिनिधियों जैसे आरपीए एग्री इंफ्रा के रसेश त्रिवेदी, आईबीएम के प्रभात मनोचा, ड्रोण मैप्स के उत्कर्ष सिंह और ऐपस्क्वाड्ज सॉफ्टवेयर की सुश्री हर्षिता दुग्गल ने सार्वजनिक प्रशासन, कृषि और जीआईएस योजना में एआई के उपयोग पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। कार्यशाला का समापन एमपीएसईडीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक अभिषेक अनंत ने कहा कि मध्यप्रदेश सभी विभागों में एआई को मुख्यधारा में लाकर एक डिजिटल, भविष्य-तैयार राज्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।*

### साइबर धोखाधड़ी से बचाव की बारीकियां समझाई

दोपहर के सत्र में कृषि, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई के अनुप्रयोगों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। आईआईटी इंदौर की प्रो. अरुणा तिवारी ने कृषि उत्पादकता के लिए मॉडल की जानकारी दी। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के विशाल मेहता ने कंप्यूटर विजन आधारित धोखाधड़ी विश्लेषण पर जानकारी दी। गूगल क्लाउड के अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने जनरल एआई द्वारा सारांशीकरण और अनुवाद जैसे उपयोग दर्शाए। आईआईएसईआर भोपाल के प्रो. तन्मय बसु ने एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी और लोक स्वास्थ्य पर एआई की भूमिका को रेखांकित किया। डीएसटी की पूनम यादव ने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय एआई कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।

### जनरल एआई असिस्टेंट, सीएम गवर्नेंस डैशबोर्ड पर चर्चा

कार्यशाला के पहले सत्र में 'शासन में एआई की कल्पना: अकादमिक क्षेत्र की भूमिका' विषय पर फोकस रहा। कार्यशाला में पहले दिन सुशासन के लिए एआई सत्र में सर्वम एआई के साहिल खेतान ने जनरल एआई असिस्टेंट, सीएम गवर्नेंस डैशबोर्ड जैसे नवाचारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया असिस्टेंट जैसे कार्यक्रम नागरिकों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहे है।

# प्रदेश का पहला अस्पताल बना जेपी: जहां डॉक्टरों के लिए शुरू हुई वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का मॉडल अस्पताल जेपी मध्यप्रदेश का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां डॉक्टरों के लिए वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा शुरू की गई है।

गुरुवार को जेपी अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि चतुर्वेदी ने पहली बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। डॉ. चतुर्वेदी ने साक्षी के रूप में वर्चुअल माध्यम से अदालत की कार्यवाही में भाग लिया। बता दें कि अब तक डॉक्टरों को किसी न्यायिक कार्यवाही में शामिल होने के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत पहुंचना पड़ता था, जिससे उनके नियमित चिकित्सा कार्य, विशेषकर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं, प्रभावित होती थी।

### डॉक्टरों को नहीं लेना पड़ेगा अवकाश

इस सुविधा की शुरुआत के साथ डॉक्टरों को अब न्यायालयों में पेशी के लिए अस्पताल से अवकाश लेकर अन्य शहरों या जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। वे अस्पताल परिसर से ही ऑनलाइन माध्यम से गवाही दे सकेंगे या अन्य न्यायिक कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। इससे न केवल डॉक्टरों का समय बचेगा, बल्कि मरीजों को भी उनके इलाज में कोई व्यवधान नहीं आएगा। डॉ. राकेश श्रीवास्तव, अधीक्षक, जेपी अस्पताल पे बताया कि वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा डॉक्टरों को अनावश्यक दौरा और मानसिक दबाव से राहत दिलाएगी। जिससे वे अपने मुख्य कर्तव्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इस नई पहल से यह भी सुनिश्चित होगा कि डॉक्टर न्यायिक मामलों में समय पर उपस्थित हो सकें, जिससे अदालत की कार्यवाही में देरी न हो। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह पहल उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत शुरू की गई है। विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों से यह जानकारी मांगी है कि कहां-कहां डिजिटल पेशी के लिए आवश्यक अधोसंरचना तैयार हो चुकी है और कहां पर यह कार्य लंबित है।

दोनों नक्सलियों पर था आठ-आठ लाख का इनाम

# दो इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल उन्मूलन और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर दो इनामी नक्सलियों रैसिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंह कुमेटी और पुनाय आचला उर्फ हिरोंदा ने कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। दोनों पर सरकार ने आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित आत्म समर्पण कार्यक्रम में दोनों को 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। रैसिंग 2002 से और पुनाय 2005 से माओवादी संगठन में सक्रिय थे। दोनों ने राजनांदगांव, कांकेर, कोण्डागांव, गरियाबंद, धमतरी और नारायणपुर में कई नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया। रैसिंग 2009 के मदनवाड़ा हमले में शामिल था, जिसमें तत्कालीन एसपी सहित 29 जवान शहीद हुए थे। पुनाय 2011 में एएसपी राजेश पवार पर हुए हमले में शामिल थी, जिसमें नौ जवान बलिदान हुए। पुलिस और सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाइयों से नक्सलियों में भय का माहौल है।



**ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवार नाशक का न के बराबर उपयोग होगा बेहतर: भोपाल।** किसान वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती बड़े स्तर पर कर रहे हैं। जो 10 साल पहले तक, बड़े पैमाने पर खरीफ में की जाती थी और यह पर्यावरण के लिए अनुकूल थी। आज मूंग की खेती का क्षेत्रफल तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है, लेकिन यह सल गर्मियों में उगाई जाने लगी है, इसलिए इससे भू-जल स्तर का अत्यधिक दोहन लगातार हो रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हर्ष धामा पुत्र श्री अनील पता मकान नं. 370, कुमराह मोहल्ला घोंडा गांव, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 419/2022 धारा 323/341/427/506/34 भा.द.स के तहत** थाना: जाफराबाद, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हर्ष धामा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हर्ष धामा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 419/2022 धारा 323/341/427/506/34 भा.द.स. के तहत थाना जाफराबाद, दिल्ली के उक्त हर्ष धामा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आयुषी सक्सैना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
शाहदरा जिला, कमरा नं.07,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5880/NE/2025

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज का मामला

# घोघरा डैम में हाथियों के नहाने का वीडियो वायरल, वन मंडल ने कहा सावधानी बरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत सिंघीझाप परिसर में घोघरा डैम में जंगली हाथियों के नहाने का एक वीडियो सामने आया है। धरमजयगढ़ वन मंडल में जंगली हाथियों की बड़ी संख्या को देखते हुए वन विभाग और हाथी मित्र दल के सदस्यों ने ग्रामीणों को तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल जाने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। जानकारी के अनुसार, धरमजयगढ़ वन मंडल में वर्तमान में 184 जंगली हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं, जिनमें 49 नर, 95 मादा और 40 शावक शामिल हैं। शुक्रवार शाम छाल रेंज के सिंघीझाप परिसर के कक्ष क्रमांक 502 (आरएफ) में 42 जंगली हाथियों का दल घोघरा डैम में नहाते हुए हाथी मित्र दल ने ड्रोन कैमरे में कैद किया। हाथी मित्र दल के सदस्यों ने बताया कि यह दल लामीखार, सिंघीझाप, देउरमाल और कोशलपुर की ओर जा सकता है। इसके मद्देनजर इन गांवों के ग्रामीणों से सतर्क रहने और तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल न जाने की अपील की गई है।



# हाथियों ने मचाया उत्पात मासूम बच्चा हुआ घायल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही (हरिभूमि न्यूज)।** मध्यप्रदेश में 50 दिन बिताने के बाद तीन हाथियों गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही वन मंडल में लौट आया है। बीती रात हाथियों ने सीमावर्ती इलाकों में जमकर उत्पात मचाया। सिवनी के दईगंवा गांव में एक घर की दीवार तोड़कर अनाज खाने के दौरान सात वर्षीय बच्चा रुद्र घायल हो गया। उसे मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हाथियों ने तीन मकानों में तोड़फोड़ की और पांच किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया। वन विभाग की टीम आसपास के गांवों में मुनादी कर लोगों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दे रही है। वर्तमान में हाथी मरवाही वन परिक्षेत्र के घुसरिया परिसर (कक्ष क्रमांक 2049) में हैं। वन मित्र दल उनकी निगरानी कर रहा है। वन विभाग को आशंका है कि हाथी मरवाही, नाका, दानी कुंडी, मटियाडांड, गुल्लीडांड बीट होते हुए कोरबा जिले के पसान की ओर जा सकते हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | पीक 3डी प्रिंटर की खरीद। | 08.05.2025 02.06.2025 | 32000/- | https://mdu.ac.in | 9541195456 deepak.dhabe@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | रद्दी / वेस्ट पेपर की बिक्री हेतु दर अनुबंध के लिए निविदा। | 08.05.2025 22.05.2025 | 70 लाख | https://mdurohtak.ac.in https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 7015486405 argeneral@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34609/1/88/7 दि. 09.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में शीतल नगर की गली नं. 4 में वार्ड नं. 21 की आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 08.05.2025 16.05.2025 | 1,00,11,248/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | दस वर्ष हेतु एमसी रोहतक में प्रतिदिन निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह। | 08.05.2025 30.05.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34617/1/88/7 दि. 09.05.25

## चिंतन

# विश्व बैंक व अमेरिका ने पाक को दिया झटका

भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान को दो मोर्चे पर करारा झटका लगा है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा प्रदाता से अधिक नहीं है। अमेरिका ने भी पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया है कि भारत व पाक के बीच जारी तनाव से अमेरिका का कुछ वास्ता नहीं है, वह युद्ध से दूर रहेगा। विश्व बैंक और अमेरिका के साफ संदेश से पाकिस्तान को समझ आ गया होगा कि वैश्विक मोर्चे पर वह कितना अलग-थलग पड़ चुका है। पहलगाम में निहत्थे निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले में लिप्त पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों व उसके साजिशकर्ताओं के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इसको लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर कार्रवाई करने के बजाय भारत के खिलाफ उकसावे का रास्ता चुना। पाक फौज ने पहले एलओसी पर सीजफायर का उल्लंघन किया, उसके बाद नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। फिर भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर हमले किए। भारत ने जहां सीमा पर मुंहतोड़ जवाब दिया, पाक के हमलों को विफल किया, वहीं पाक की सैन्य कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने इतना मारक प्रहार किया कि पाकिस्तान दहल उठा। हालांकि वह इससे भी नहीं चेता है और फिर से सीमा पर से गोलीबारी कर रहा है, जिसका भारत जवाब दे रहा है। भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को अमेरिका व चीन से उम्मीद थी कि वह मदद करेंगे, लेकिन अमेरिका ने पल्ला झाड़ लिया है और शुरुआती हमदर्दी के बाद चीन का रिस्पॉन्स भी ठंडा है। इससे पाकिस्तान समझ गया होगा कि आतंकवाद के पक्ष में उसकी लड़ाई में कोई भी साथ खड़ा नहीं होगा। आज दुनिया आतंकवाद से पीड़ित है। अमेरिका, यूरोप, एशिया सब आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं। पाकिस्तान के कृत्य आतंकवाद के पालक-पोषक के रूप में है। ग्लोबल घोषित कई आतंकवादी व आतंकी गुट पाकिस्तान में विद्यमान हैं। अमेरिका को भी समझ आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के नाम पर उससे फंड लेने वाले पाकिस्तान ने उस फंड का दुरुपयोग आतंकवाद को पालने में किया। हालांकि अब अमेरिका ने ऐसा फंड बंद कर दिया है और मदद में भी कटौती कर दी है। विश्व बैंक से झटके की उम्मीद पाकिस्तान को नहीं रही होगी। वर्ष 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में ही हुई थी। इस संधि के बाद से सिंधु, चिनाब व झेलम नदी का करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिल रहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। उसके बाद पाकिस्तान को उम्मीद विश्व बैंक पर टिकी थी कि वह भारत के संधि निलंबन व पानी रोकने के एक्शन को गलत बताते हुए पाकिस्तान की मदद करेगा। विश्व बैंक ने अपनी भूमिका को स्पष्ट कर पाकिस्तान को आईना दिखा दिया। ऐसे ही अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका "मूलतः कोई वास्ता नहीं है"। पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई करनी ही होगी, अगर वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आएगा तो, भारत ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य ऑपरेशनों से आतंकवाद के खात्मे के लिए कदम उठाता रहेगा। पाकिस्तान अगर किसी भी प्रकार की सैन्य हिमाकत करेगा, तो भी भारत उसका करारा जवाब देगा। भारत की लड़ाई आतंकवाद से है, पाकिस्तान से नहीं।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

# बुल्ले शाह का पंजाब क्यों बना दुश्मन

सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ?

भारतीय फौजों ने ऑपरेशन सिंदूर के पहले दिन बुधवार को पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर, मुरिदके, सियालकोट और शकरगढ़ में कसकर हमला बोला। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर भी हमला बोला गया। सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ? दरअसल भारत के विभाजन ने पंजाब को गहरे रूप से प्रभावित किया।

पाकिस्तानी पंजाब में बड़े पैमाने पर जनसंख्या विस्थापन हुआ। पाकिस्तान के निर्माण के बाद, इस्लाम को वहां राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया गया, जिसने धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधाराओं को पनपने का मौका दिया। पंजाब ने मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे कट्टरपंथियों को प्रभाव जमाने का अवसर दिया। आप कह सकते हैं कि 1970 और 1980 के दशक ने पंजाब को इस्लामिक कट्टरपंथ की ओर धकेला। इसकी कई ठोस वजह रहीं। सोवियत-अफगान युद्ध (1979-1989) के दौरान, पंजाब अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा समर्थित जिहादी समूहों का गढ़ बन गया। जालंधर में पैदा हुए जनरल जिया-उल-हक की सरकार ने इस्लामीकरण को खाद-पानी दिया। उस दौर में मदरसों की संख्या में वृद्धि हुई, जिनमें से कई ने कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा दिया। पंजाब के शहरों, जैसे लाहौर, बहावलपुर और फैसलाबाद, में ये मदरसे तेजी से बढ़े। सऊदी अरब ने वहाबी विचारधारा को प्रचारित करने के लिए बड़े पैमाने पर धन दिया। इसने सूफीवाद और उदार इस्लाम की परंपराओं को नष्ट किया।

पंजाब में कई मस्जिदों और मदरसों ने इस विचारधारा को अपनाया। पाकिस्तान ने 1990 के दशक में कश्मीर में जिहादी समूहों को समर्थन दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन, जो पंजाब में सक्रिय थे, ने कट्टरपंथ को और बढ़ाया। इन संगठनों ने पंजाब के युवाओं को भर्ती किया और उन्हें जिहादी विचारधारा से प्रभावित किया। ये दोनों संगठन भारत पर मुंबई, उरी, संसद, पठानकोट, पहलगाम वगैरह पर बार-बार कायराना हमले करवाते रहे।

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे जनरल जिया-उल-हक के शासनकाल में पाकिस्तान में इस्लामीकरण की नीति ने कट्टरपंथ को संस्थागत रूप दिया। जिया ने इस्लाम को राज्य का आधार बनाया और कई कट्टरपंथी कानून लागू किए, जैसे ब्लासफेमी कानून। जिया के शासन में पंजाब में हजारों नए मदरसे खोले गए, जिनमें से कई ने देवबंदी और अहल-ए-हदीस



विचारधारा को बढ़ावा दिया। ये मदरसे गरीब और ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा का एकमात्र स्रोत बन गए, जिससे कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला। यही नहीं, स्कूली पाठ्यक्रम में जिहाद और शहादत को महिमामंडित किया गया। इससे नई पीढ़ी में कट्टरपंथी विचारों का प्रसार हुआ। एक बात माननी होगी कि पंजाब में कट्टरपंथ के बढ़ने में सामाजिक-आर्थिक कारकों का भी योगदान रहा। पंजाब के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी ने युवाओं को कट्टरपंथी संगठनों की ओर आकर्षित किया। ये संगठन न केवल आर्थिक मदद देते थे, बल्कि एक उद्देश्य और पहचान भी प्रदान करते थे। सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति और निजी शिक्षा की महंगाई ने गरीब परिवारों को अपने बच्चों को मदरसों में भेजने के लिए मजबूर किया।

इन मदरसों में अक्सर कट्टरपंथी शिक्षा दी जाती थी। इन तमाम वजहों के चलते सूफीवाद, जो कभी पंजाब की आत्मा था, धीरे-धीरे कमजोर पड़ गया। कट्टरपंथियों ने सूफी परंपराओं जैसे दरगाहों पर चढ़ावा और कव्वाली, को 'गैर-इस्लामी' करार दिया। इससे पाकिस्तान की सरकारों ने सूफीवाद को बढ़ावा देने के बजाय कट्टरपंथी संगठनों को समर्थन दिया, क्योंकि ये संगठन भू-राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोगी थे। जाहिर है कि इन तमाम वजहों के चलते पंजाब में लश्कर-ए-तैयबा जैसा संगठन उभरा। इसी के मुरिदके में स्थित दफ्तर पर भारत ने हमला किया। ये कश्मीर और भारत के खिलाफ जिहादी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी तरह से जैश-ए-मोहम्मद स्थापित हो गया।

इसके बहावलपुर में स्थित दफ्तर को भी भारत ने तबाह कर दिया। इसी तरह से पंजाब में सिपाह-ए-सहाबा नाम का संगठन है। यह सुन्नी कट्टरपंथी संगठन शिया विरोधी हिंसा के लिए जाना जाता है और पंजाब के कई हिस्सों में सक्रिय है। इन संगठनों ने पंजाब के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित किया और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ाया। आज, पंजाब को कट्टरपंथ ने तबाह कर दिया है। महत्वपूर्ण है कि पंजाब में बुल्ले शाह (1680-1757), दाता गंज बख्श, और बाबा फरीद जैसे सूफी संतों ने इस्लाम को एक उदार और समावेशी रूप में फैलाया था। उनकी शिक्षाएं हिंदू, सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देती थीं। दुर्भाग्यवश कठमुल्लों के साथ-साथ सरहद पार जनरल अयूब खान से लेकर जनरल आसिफ मुनीर तक सभी के सभी घोर भारत विरोधी फौज के जनरल रहे हैं। पाकिस्तान की सेना में पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। उसमें 80 फीसद से ज्यादा पंजाबी हैं। ये भारत से नफरत करते हैं। पाकिस्तान का पंजाब इस्लामिक कट्टरपन की प्रयोगशाला बन चुका है।

पंजाब के अलावा पाकिस्तान के बाकी भागों में भारत विरोधी माहौल इतना मुखर नहीं है। पाकिस्तानी सेना ने साल 1969-71 में अपने ही मुल्क के बंगाली भाषी लोगों पर जुल्म ढहाना शुरू किया। इस कार्रवाई को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्च लाइट का नाम दिया। यह जुल्म ऐसा-वैसा नहीं था। लाखों लोगों की बेरहमी से हत्या, हजारों युवतियों से सरेआम बलात्कार, तरह-तरह की अमानवीय यातनाएं दी गई। पाकिस्तानी सेना के दमन में मारे जाने वालों की तादाद 30 लाख थी। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी फौजी दरिंदों ने दो लाख महिलाओं से बलात्कार किया था। कुल मिलाकर बात ये है कि भारत ने उस पंजाब के कठमुल्लों पर कड़ा हमला बोलकर एक बहुत नेक काम ही किया है। आखिर धैर्य की भी एक सीमा है। भारत ने हमेशा धैर्य का परिचय दिया है, लेकिन पाकिस्तान ने इसे कभी समझा ही नहीं है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

युद्ध के आयाम
हरिओम कोचर



# इनफार्मेशन वॉरफेयर : बंदूकें चुप होती हैं, नैरेटिव बोलते हैं

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, लेकिन इसके बाद छेड़ा गया इंफॉर्मेशन वॉरफेयर यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध के आयाम बदल गए हैं। यह युद्ध अब केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारों, और नैरेटिव्स से लड़ा जा रहा है। एक तरफ देश को आतंकवाद जैसी प्रत्यक्ष और भौतिक खतरों से जूझना पड़ता है, तो दूसरी ओर उसे डिजिटल माध्यमों और मनोवैज्ञानिक रणनीतियों के माध्यम से चलाए जा रहे नैरेटिव्स का भी सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिष्ठित और भरोसेमंद माने जाने वाले मीडिया संस्थान तथ्यात्मक चूक कर बैठते हैं, तो यह नैरेटिव्स का युद्ध और अधिक पेचीदा हो जाता है। यह घटनाक्रम भारत के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा अब पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे निकल चुकी है। आज लड़ाई मैदान में नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारधाराओं और जनमत के निर्माण में भी लड़ी जाती है। इसलिए, यह आवश्यक हो गया है कि भारत को न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना और संचार के स्तर पर भी रणनीतिक रूप से सशक्त और सतर्क रहना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक नीति को उजागर किया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि देश अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। परंतु इस सैन्य कार्रवाई के बाद जिस प्रकार से सूचना युद्ध छेड़ा गया, उसने यह दर्शा दिया कि आधुनिक युद्ध केवल गोलियों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है। आज युद्ध का एक और भी महत्वपूर्ण आयाम है, सूचनाओं, विचारधाराओं और देश विरोधी नैरेटिव्स का युद्ध। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, न्यूज़ चैनल, और डिजिटल मीडिया ऐसे घातक हथियार बन गए हैं जिनके माध्यम से देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। दुश्मन ताकतें झूठी खबरें, विकृत वीडियो, और गलत प्रचार के माध्यम से भ्रम फैलाने और देश के भीतर अस्थिरता उत्पन्न करने का प्रयास करती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि भारत न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना युद्ध के मोर्चे पर भी सजग और सशक्त रहे। भारत के जागरूक नागरिक, सटीक सूचना तंत्र और मज़बूत नैरेटिव ही इस नए युद्ध क्षेत्र में जीत सुनिश्चित कर सकते हैं, इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को सोशल मीडिया के माध्यम से मिली भ्रामक सूचनाओं से सजग रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि एक रणनीतिक चेतावनी भी है कि अब युद्ध कई स्तरों पर लड़ा जाएगा। भारत के खिलाफ छेड़े गए इंफॉर्मेशन वारफेयर में केवल विदेशी प्रचार तंत्रों की ही भूमिका नहीं रही, बल्कि दुर्भाग्यवश देश के कुछ मीडिया संस्थानों की लापरवाही ने भी इसमें ईंधन का काम किया है। पाकिस्तानी और चीनी प्रचार तंत्र लंबे समय से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने के प्रयास में लगे हुए हैं, परंतु जब ऐसे प्रयासों को भारतीय मीडिया की गलत रिपोर्टिंग से बल मिलता है, तो स्थिति और गंभीर हो जाती है। इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के विरोधियों चाइना डेली और ग्लोबल टाइम्स जैसे राज्य-नियंत्रित मीडिया संगठनों को भारत के खिलाफ नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिलता है। इस समय प्रतीत होता है कि ऐसे संगठनों की मीडिया नीति किसी दुश्मन की बंदूक से कम नहीं है, अतः जहां बंदूकें चुप होती हैं, वहां ऐसे संस्थानों द्वारा गढ़े गए नैरेटिव बोलते हैं। इस प्रकार की लापरवाही केवल पत्रकारिता की नैतिकता का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए भी खतरा बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि मीडिया संस्थान व आम नागरिक सोशल मीडिया पर राष्ट्र के लिए अधिक जिम्मेदार भूमिका निभाएं और ऐसी संवेदनशील परिस्थितियों में तथ्य-जांच और संतुलन को प्राथमिकता दें। भारत ने इस सूचना युद्ध की चुनौती का दृढ़ता और संकल्प के साथ सामना किया है। सरकार, सशस्त्र बलों, और स्वतंत्र फैक्ट-चेकिंग संस्थाओं ने सक्रिय होकर गलत सूचनाओं का पर्दाफाश किया और वास्तविक तथ्यों को भारत सरकार की प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस चुनौती का सामना करने के लिए केवल नीतियों और संस्थाओं पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरुकता, मीडिया की जिम्मेदारी और उन्नत तकनीकी उपायों का उपयोग भी आवश्यक है। यदि भारत सत्य, विवेक, और सामूहिक एकजुटता के साथ आगे बढ़ता है, तो इस संघर्ष में विजयी होना संभव है।

(लेखक रिसर्च फैलो, कश्मीर अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क दुर्घटनाओं के घायलों के लिए अच्छी योजना

केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए अर्थात उनका इलाज करने के लिए कैशलैस ट्रीटमेंट योजना को हरी झंडी दे दी है। यह योजना 5 मई 2025 से शुरू हो गई है और इसके तहत लगभग 1.5 लाख कैशलैस इलाज की व्यवस्था होगी। सरकार ने इस योजना के तहत बहुत से अस्पतालों के साथ सहमति बनाई होगी। सरकार को इस योजना के साथ ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को शामिल करना चाहिए और आमजन को भी चाहिए कि इन अस्पतालों की सूची अपने वाहन में जरूर रखें और इन अस्पतालों की सूची बारे ज्ञान रखें। – **प्रतीक जोशी**, रायगढ़

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्हें भारत की साहित्यिक व सांस्कृतिक आत्मा को स्वरूप देने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने कार्यों के जरिये मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जगाई।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वाधीनता से सौदा नहीं



मेवाड़ मुकुट महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन। वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यबोध के पर्याय, वीर शिरोमणि, महाराणा प्रताप ने हमें सिखाया कि मातृभूमि की स्वाधीनता से कोई सौदा नहीं किया जाता।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### करदाताओं की ताकत



राफेल जेट और एस-400 सिस्टम यूं ही नहीं बन जाते, वे हमारे करदाताओं की ताकत से बनते हैं। यही कारण है कि जीएसटी कभी भी "गब्बर सिंह टैक्स" नहीं था। यह टैक्स भारत को एकजुट करता है और इसकी सुरक्षा, विकास और लचीलेपन को वित्तपोषित करता है।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व



महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सम्मानित किए जाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा महाराष्ट्र साइबर अपराध विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व है।
-अमिषा पटेल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# ...जब न्यायालय ने कर्नल सोफिया की तारीफ की थी



उच्चतम न्यायालय ने 2020 में भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) देने के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी की उपलब्धियों को सराहा था, जो बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मीडिया को जानकारी देने वाली दो महिला अधिकारियों में शामिल थीं। उच्चतम न्यायालय ने 17 फरवरी, 2020 को अपने फैसले में कहा था कि सेना में 'स्टाफ असाइनमेंट' को छोड़कर सभी पदों से महिलाओं को पूरी तरह से बाहर रखे जाने का समर्थन नहीं किया जा सकता और बिना किसी औचित्य के कमांड नियुक्तियों के लिए उन पर पूरी तरह से विचार नहीं किया जाना कानून सम्मत नहीं हो सकता। सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) की अनुमति देने वाली शीर्ष अदालत ने कहा था कि महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों को स्टाफ नियुक्तियों के अलावा बाकी कुछ भी हासिल करने पर पूर्ण प्रतिबंध (कोई अन्य जिम्मेदारी हासिल करने से रोकना) लगाना स्पष्ट रूप से सेना में करियर में उन्नति के साधन के रूप में स्थायी कमीशन दिए जाने के उद्देश्य को पूरा नहीं करता है। शीर्ष अदालत ने महिला अधिकारियों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कर्नल कुरैशी की उपलब्धियों का उदाहरण दिया।

## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक



फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति–संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किया राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की पुस्तक का विमोचन

# यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज: नायब

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित व उनके जीवन पर आधारित है 'जनता की कहानी-मेरी आत्मकथा'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित उनके जीवन पर आधारित पुस्तक ''जनता की कहानी-मेरी आत्मकथा'' का विमोचन किया। दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ ने राज्यपाल दत्तात्रेय व उनकी धर्मपत्नी वसंथा बंडारू को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

इस अवसर पर जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस पुस्तक में सार्वजनिक जीवन के संघर्षों की झलक दिखाई गई है, जो सार्थक परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि भारत ने चुनौतियों को अवसरों में बदलने के तरीके ईजाद किए हैं, इसलिए आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया को भारत की ताकत और मजबूत सोच को दिखाया है। हमारी सेना ने भारतीयों की आन-बान और शान को ऊंचा करने का काम किया है।



भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दिल्ली में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की 'जनता की कहानी–मेरी आत्मकथा' पुस्तक का विमोचन करते हुए। साथ में केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल।

इस अवसर पर राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि चरित्र, समर्पण और दृढ़-विश्वास ही जीवन के तीन महत्वपूर्ण पहलू हैं। इन तीन पहलुओं पर कार्य करते हुए जीवन की हर चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में उनके जीवन के विस्तृत अनुभव संकलित किए गए हैं जो सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेंगे। पुस्तक में उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को बेहतरीन तरीके से समेटा गया है। यह पुस्तक एक केंद्रीय मंत्री के रूप में उनकी प्रशासनिक कुशलता और एक जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों की सेवा के प्रति समर्पण की झलक दिखाती है। उन्होंने कहा कि वे लेखक और कवि नहीं हैं लेकिन कोविड समय के दौरान उन्हें मिले अनुभव ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से पुस्तक में समेटे गए हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि उनका जीवन सदैव साधारण समाज के हितार्थ समर्पित रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे सभी का तहेदिल से आभार एवं अभिनन्दन करते है।

### यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणा का स्रोत है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज है, जो उनके संघर्ष, सेवा, समर्पण और समाज के लिए चलने वाली यात्रा है, जो व्यक्ति को साधारण से असाधारण बना देती है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है और इस कार्यक्रम में भाग लेकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने 'जनता की कहानी - मेरी आत्मकथा' पुस्तक के लिए राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का शीर्षक ही बता रहा है कि यह जीवन का विवरण मात्र नहीं बल्कि जनसाधारण से जुड़ने और उनके लिए जुझने का अनुभव है। यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणा स्त्रोत है जिससे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के रास्ते पर चलने का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री जी कृष्ण रेड्डी ने भी समारोह को सम्बोधित किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, एसपी सिंह बघेल, अनुराग ठाकुर, हरियाणा सरकार के कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति: मनोहर

केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस पुस्तक से ऐसे साधारण व्यक्तित्व की कहानी प्रदर्शित होती है, जिन्हें जीवन में एक बार मिलने से ही सारी कहानी स्वत: ही सामने आ जाती है। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि जब श्री दत्तात्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के मंत्रिमंडल में लेबर मिनिस्टर थे तब उनसे मिलने का अवसर मिला। इसके अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का अनुभव सराहनीय रहा। मनोहर लाल ने कहा कि श्री दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति हैं, जिन्होंने सदैव समाज सेवा और जनहित को लेकर ही कार्य किया है।

लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने 2023 बैच के प्रशिक्षणार्थी

# आईएएस बैच में महिलाओं की अब तक की सबसे अधिक संख्या गर्व की बात है: बिरला

लोक सभा अध्यक्ष ने युवा आईएएस अधिकारियों को समर्पित भाव से कार्य करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश की वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हमें अपनी सेना पर-उनके शौर्य, वीरता और विजन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारतीय सेना ने हमारी सीमाओं को अभेद्य और सशक्त बनाया है, उसी तरह भारत के स्टील फ्रेम यानी भारतीय सिविल सेवा ने देश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवा सिविल सेवकों से भारतीय मूल्यों और लोकतांत्रिक आदर्शों का पालन करते हुए देश सेवा की विरासत छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों से शासन और लोक प्रशासन में अपने कार्यों में संकल्प, अनुशासन और सेवा की भावना का समावेश करने का भी आग्रह किया। बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में 2023 बैच के प्रशिक्षणार्थी आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

बिरला ने युवा अधिकारियों को विकसित भारत - एक ऐसा भारत जो न्यायपूर्ण, समावेशी, नवोन्मेषी और विश्व शक्ति के रूप में सम्मानित हो के लक्ष्य को साकार करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों से इस विजन को अपनी प्रेरणा और मार्गदर्शी सिद्धांत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चाहे पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करना हो, गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना हो या सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हो, भारत का भविष्य इसके सिविल सेवकों की कुशलता और निष्ठा पर निर्भर करता है। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन अपने कार्यों का मूल्यांकन करने तथा पारदर्शी, उत्तरदायी शासन के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। बिरला ने इस बैच में 73-महिलाओं की रिकॉर्ड संख्या पर गर्व करते हुए कहा कि उनकी बढ़ती संख्या से सिविल सेवाओं में बढ़ रही समावेशिता और विविधता का पता चलता है और यह भारत के बदल रहे सामाजिक परिदृश्य को भी दर्शाता है। इस कार्यक्रम में 2023 बैच के 180 प्रशिक्षणार्थी आईएएस अधिकारियों ने भाग लिया। लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गौरव गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्टार्टअप के शोध और विकास को बढ़ावा

# 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा बढ़ाकर 85 फीसदी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




स्टार्टअप फर्मों के लिए संशोधित कर्ज गारंटी योजना से उन्हें ऋण देने से जुड़ा जोखिम कम होगा जिससे शोध एवं विकास करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के सृजन के लिए उन्हें अधिक वित्तीय मदद मिल सकेगी। शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। गुरुवार को ही संशोधित 'स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना' (सीजीएसएस) को मंजूरी दी, जिसमें प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर की सीमा 10 करोड़ से 20 करोड़ की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप कंपनियों को वित्तपोषित करने संस्थानों द्वारा ऋण साधनों पर निर्दिष्ट सीमा तक गारंटी देना है। यह योजना स्टार्टअप कंपनियों को बेहद जरूरी गारंटी-मुक्त ऋण मुहैया कराने में मदद करेगी।

### अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध होगा

इससे स्टार्टअप के लिए शोध एवं विकास, प्रयोग करने और अत्याधुनिक नवाचार,प्रौद्योगिकियों के सृजन के लिए अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। योजना में कंपनियों को 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा 85 और इससे अधिक के लिए 75 प्रतिशत कर दी है। देश में स्टार्टअप कंपनियों के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तैयार करने एक कार्ययोजना 16 जनवरी, 2016 को शुरू की गई थी।

असम के सीएम सरमा का कांग्रेस पर बड़ा तंज

# जीएसटी ने देश को दिए राफेल और एस-400 जैसे घातक हथियार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जीएसटी की तारीफ करते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया, जो भारत को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। असम सीएम की टिप्पणी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है, जिन्होंने अपने एक बयान में जीएसटी की आलोचना करते हुए इसे गब्बर सिंह टैक्स बताया था। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं। बल्कि ये हमारे करदाताओं की ताकत से बने हैं। यही वजह है कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। ये तो ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स है, जो भारत को एकजुट करता है और देश की सुरक्षा, विकास और इसके जुझारूपन को वित्तपोषित करता है।

### ये अभेद्य सुरक्षा कवच हमारे करदाताओं की ताकत से बने




### लड़ाकू विमान और डिफेंस सिस्टम युद्ध में अहम

भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों संघर्ष छिड़ा हुआ है, जिसमें भारत के राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। एस-400 ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन्स और मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

**खबर संक्षेप**

## यूनियन बैंक के लाभ में 50 फीसदी का इजाफा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 4,985 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 3,311 करोड़ रुपये रहा था। 2024-25 की मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 33,254 करोड़ रुपये हो गई।

## टाइटन का लाभ 13 फीसदी बढ़कर 871 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाइटन कंपनी का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 871 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 771 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कुल आय बढ़कर 14,049 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 11,472 करोड़ रुपये थी।

## जी एंटरटेनमेंट का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कई गुना वृद्धि के साथ 188.4 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बताया कि मुनाफे में यह वृद्धि प्रभावी लागत प्रबंधन के कारण हुई है। एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13.4 करोड़ रुपये था।

# यात्रा बुकिंग मंचों ने तुर्किये और अजरबैजान के विकल्प हटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच विभिन्न ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंचों ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'समर्थन' देने वाले देशों तुर्किये और अजरबैजान के यात्रा विकल्प निलंबित कर दिए हैं।

- 'गैर जरूरी' सफर से बचने की दी सलाह

विभिन्न मंचों ने यह घोषणा करते हुए ग्राहकों को इन गंतव्यों की 'गैर-जरूरी' यात्रा से बचने की सलाह दी, जबकि भारतीय यात्रियों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले 'अत्यधिक सावधानी' बरतने का आग्रह किया। कॉक्स एंड किंग्स ने कहा कि उसने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को अस्थायी रूप से हटाने का फैसला किया है।

**यात्रा से पहले अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह**

### तुर्किये व अजर ने पाक के लिए दिखाया समर्थन

चूंकि तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान के लिए समर्थन दिखाया है, इसलिए हम दृढ़ता से सलाह देते हैं कि केवल तभी जाएं जब बहुत जरूरी हो।" ट्रैवोमिंट ने कहा कि कंपनी ने भारतीयों द्वारा तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के आह्वान का समर्थन करते हुए इन दोनों देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है।




### ट्रैवोमिंट ने यात्रा पैकेज किए निलंबित

ट्रैवोमिंट के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक के सिंह ने बयान में कहा, "पाकिस्तान और तुर्किये तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच हमने तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के भारतीयों के आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। ट्रैवोमिंट ने तत्काल प्रभाव से इन देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है।"

### सभी नए विकल्प भी स्थगित

कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा, हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को स्थगित करने का फैसला किया है। यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

*ईजमाईट्रिप ने कहा, विवेक का प्रयोग करें : हम भारतीय यात्रियों को सलाह देते हैं कि वे विवेक का प्रयोग करें और व्यापक भू-राजनीतिक वातावरण में अधिक स्पष्टता और संरेखण होने तक इन गंतव्यों की किसी भी गैर-जरूरी यात्रा से बचें।*

### भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी आईओसी ने कहा

# घबराहट में ईंधन खरीदारी की जरूरत नहीं तेल कंपनियों ने जनता को दिया भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा घबराहट में इनकी अत्यधिक खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

सोशल मीडिया पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं।

### इंडियन ऑइल के पास पर्याप्त भंडार

आईओसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी, " इंडियन ऑयल के पास देश भर में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। घबराहट में खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे सभी 'आउटलेट' पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं।" विशेष तौर पर पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में लोगों ने घबराहट में खरीदारी शुरू कर दी थी।




- देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त मात्रा
- सोशल मीडिया पर ईंधन भरवाने पेट्रोल पंप पर लाइन लगने की बात कही गई
- आईओसी ने कहा, हमारे सभी आउटलेट पर ईंधन उपलब्ध

### पेट्रोल पंप में अनावश्यक भीड़ लगाने से बचे

आईओसी ने कहा, " शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइन निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी।"

### घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदी शुरू की

पाकिस्तान की सेना ने आठ-नौ मई की रात को ड्रोन तथा अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पूरे पश्चिमी सीमा क्षेत्र में कई हमले किए, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब के कई शहरों में ब्लैकआउट कर दिया गया। भारतीय सेना ने कहा कि हमलों को " प्रभावी ढंग से विफल " कर दिया गया है। इससे लोगों में तनाव बढ़ा और घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदारी शुरू कर दी।

### ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम

उपभोक्ताओं की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। चिंता या घबराहट में खरीदारी करने की कोई वजह नहीं है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला संचालन मजबूत व कुशल बना हुआ है, जो निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करता है। हम सभी ग्राहकों से संयम रखने का आग्रह करते हैं...।"

### बीपीसीएल ने भी दिया आश्वासन

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बयान में आश्वासन दिया कि उसके विशाल राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध हैं। कंपनी ने बयान में कहा, " समूचे देश में बीपीसीएल के सभी ईंधन स्टेशन और एलपीजी वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे हैं।

### भारत ने हमला किया विफल

गौरतलब है कि भारत ने बृहस्पतिवार रात जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। इससे पहले भारत ने देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह की कोशिशों को नाकाम किया था।

# एटीएम में पर्याप्त नकदी मौजूद एसबीआई, पीएनबी व अन्य बैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं, उनमें पर्याप्त नकदी है और डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

सोशल मीडिया पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। बैंकों ने यह भी कहा कि उनकी सभी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। भारत के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं और जनता के लिए उपलब्ध हैं।"एसबीआई ने अपने ग्राहकों को सत्यापित न की गई सूचना पर भरोसा न करने की सलाह भी दी। बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी इसी तरह के संदेश जारी किए। चेन्नई में मुख्यालय वाले इंडियन ओवरसीज बैंक ने कहा, "हम अपने ग्राहकों को एटीएम सेवाओं का उपयोग सामान्य रूप से जारी रखने तथा अपडेट के लिए केवल सत्यापित संचार चैनलों पर ही भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

- डिजिटल सेवाएं सुचारू ढंग से चालू
- किसी भी सूचना पर भरोसा न करने की सलाह भी दी




### बंद की अफवाह झूठी है

बैंक ने कहा,"इंडियन ओवरसीज बैंक जनता को आश्वस्त करता है कि हमारे सभी एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। एटीएम बंद होने की अफवाह झूठी और निराधार है। किसी भी अन्य जानकारी के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपने ग्राहकों से 1800 425 4445 और 1800 890 4445 पर ग्राहक सेवा से संपर्क करने की अपील की है।

### पीएनबी ने एक्स पर की पोस्ट

पंजाब नेशनल बैंक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "हमारी सभी डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आपको घर बैठे सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित हो रहा है।"

## रेल मंत्री ने की समीक्षा, दिया निर्देश- लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करें विशेष गाड़ियों का परिचालन

जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते जो पैसेंजर फंसे थे, उनके लिए भारतीय रेल द्वारा विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई। रेल परिचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों केसाथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेलमंत्री के निर्देश पर दिनांक 9 मई, 2025 को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया। रेलवे ने पहली विशेष गाड़ी 04612 का परिचालन जम्मू स्टेशन से सुबह 10:45 बजे किया जिसमें 12 कोच अनारक्षित श्रेणी के और 12 रिज़र्व क्लास के लगाए गए। 20 को चवाली वंदे भारत एक्सप्रेस दिन में 12:45 बजे उधमपुर से रवाना हुई और जम्मू तथा पठान कोट के रास्ते नई दिल्ली आई। 22 एलएचबी कोच वाली विशेष गाड़ी का परिचालन संध्या 7:00 बजे जम्मू स्टेशन से किया गया। एक और वंदे भारत विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया जो दिन में 3:30 पीएम बजे जम्मू से खुली और संध्या में नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

## राशिफल

**मेष** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** – व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** – सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** – भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** – भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर** – किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** – मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# भारत-पाक तनाव बढ़ने से सेंसेक्स, निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने और व्यापक संघर्ष की आशंका से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स पिछले दिन की गिरावट को जारी रखते हुए 880.34 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,522 शेयरों में गिरावट आई, 1,343 में तेजी आई और 145 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 24,008 अंक पर बंद हुआ।



- सेंसेक्स में 880 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज
- बीएसई में 2522 शेयरों में आई गिरावट
- विदेशी निवेशकों ने निवेश जारी रखा

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "संघर्ष की आशंका थी, लेकिन बाजार को स्थिति के और गंभीर होने का अनुमान नहीं था, जिससे इसकी समय को लेकर चिंता बढ़ गई।

### अल्ट्राटेक सीमेंट में रही गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### टाइटन में रही बढ़त

दूसरी ओर टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय दुनिया की शीर्ष संस्थाओं में शामिल : पीयूष गोयल

**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटिया विश्वविद्यालय में बुधवार को भव्य रूप से 9वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में देशभर से आए 5123 छात्र-छात्राओं विभिन अनुषाशनों में उपाधियाँ प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, बोट के सीईओ अमन गुप्ता, गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, और शिक्षाविद विनय कुमार पाठक समेत कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की।




स्नातकों को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी में वो ताकत है जो देश को वैश्विक मंच पर अग्रणी बना सकती है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दुनिया की शीर्ष संस्थाओं में शामिल है और पेटेंट फाइलिंग में तीसरे नंबर पर है, जो बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप जहां भी रहें वहाँ अपने काम से अपना और अपने देश का नाम रोशन कीजिए। गोयल ने प्रधानमंत्री द्वारा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध उठाए गए सशक्त कदमों का ज़िक्र करते हुए भारत की आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम और निरंतर संघर्ष के लिए प्रेरित किया तथा वर्ष 2047 तक भारत के हर घर में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही निर्माणाधीन जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उल्लेख करते हुए भारत की विकास यात्रा और वैश्विक मंच पर उसकी उपस्थिति की सराहना की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए छात्रों को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## पतंजलि संस्थान ने केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) को भेंट की मृदा परीक्षण की ऑटोमेटेड मशीन 'धरती का डॉक्टर'

**हरिद्वार।** पतंजलि संस्थान द्वारा आचार्य बालकृष्ण जी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान को मृदा परीक्षण की ऑटोमेटेड मशीन 'धरती का डॉक्टर' उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस मशीन के प्रयोग से न केवल किसानों को अपनी कृषि भूमि की मिट्टी की जांच करने में सहायता मिलेगी, अपितु साथ ही जैविक एवं रासायनिक खेती हेतु आवश्यक उर्वरक प्रयोग के लिए सुझाव भी प्राप्त किए जा सकेंगे। इस अवसर पर भरूआ एग्री साइंस के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण जी ने बताया कि मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' को पहले ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रमाणन-पत्र प्रदान किया जा चुका है। इस मशीन के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य के 12 आवश्यक मानकों का परीक्षण किया जाता है जिसमें मुख्य पोषक तत्व उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश एवं गौण पोषक तत्व बोरॉन, आयरन, जिंक, कॉपर एवं मैंगनीज सम्मिलित हैं। इस मशीन को भारत सरकार द्वारा पेटेंट तथा CE-सर्टिफिकेट प्राप्त है। उन्होंने बताया कि इस मशीन को पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा वर्षों के व्यापक शोध के बाद विकसित किया गया है जो किसानों के लिए वरदान है।



## शब्द पहेली - 5862



, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**


1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**

2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 5861 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |



# 'आपरेशन सिंदूर': चोपड़ा, रोहित, कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों को किया सलाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधु, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया।

भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था। रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं।''



### हम सशस्त्र बलों के साथ एकजूटता से खड़े

कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, ''हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं।''

### हमारी सेना उचित जवाब देगी: सहवाग

पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, ''पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।''



### भारत मजबूत है: धवन

सहवाग के पूर्व भारतीय साथी शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, ''हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद।''

### सेना की बहादुरी के लिए आभारी हूं: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। बुमराह ने लिखा, ''हमारे सशस्त्र बलों का उनके साहस और बहादुरी के लिए आभारी हूं। हम उन्हें सैल्यूट करते हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।''



### आइए हम अपनी भूमिका निभाएं : चोपड़ा

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।

### भारत आपके साथ खड़ा है : सिंधु

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु ने पोस्ट किया, ''भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद।''



### हमें अपनी सेना पर गर्व



सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ''हमें अपनी सेनाओं पर बहुत गर्व है। आपके कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। सीमाओं पर हमारी रक्षा करने में आपकी ताकत और दृढ़ संकल्प को सैल्यूट। हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।''

### हमारी प्रार्थनाएं सैनिकों के साथ



विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, ''हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।''

### हम सशस्त्र बलों के पीछे खड़े है: पार्थिव

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, ''आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

## खबर संक्षेप



### दीक्षा और प्रणवी ने की अच्छी शुरूआत

**सोल।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित अरामको कोरिया चैंपियनशिप के पहले दिन एक ओवर 73 के कार्ड से अच्छी शुरूआत की। दीक्षा जब तक नौवें होल तक पहुंची, वह शीर्ष 10 पर चल रही थीं। पर वह इसमें बोगी कर बैठीं और एक ओवर से संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गईं। प्रणवी ने अपने 73 के कार्ड के दौरान महज एक बर्डी लगाई और दो बोगी कर बैठीं जिससे वह भी संयुक्त 19वें स्थान पर बनी हुई हैं।भारत की दो अन्य गोल्फर त्वेसा मलिक (79) और अवनि प्रशांत (79) संयुक्त 86वें स्थान पर बनी हुई हैं जिससे उन्हें कट हासिल करने के लिए दूसरे दौर में अच्छा कार्ड खेलना होगा।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया की नजर भारत-पाक की स्थिति पर

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहा है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

### कॉनराड सभी प्रारूपों के कोच नियुक्त : सीएसए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड 2027 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप तक सीमित ओवर की टीमों की भी कमान संभालेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को यहां इसकी घोषणा की। कॉनराड 2023 से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कोच है। वह सीमित ओवरों की टीम में रॉब वाल्टर की जगह लेंगे। वाल्टर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था। इस 58 वर्षीय कोच के सामने सीमित ओवरों के प्रारूप में पहली चुनौती जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में होगी। सीएसए के राष्ट्रीय टीमों और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोच एनक्वे ने कहा, '' टेस्ट टीम के साथ शुकरी का रिकॉर्ड काफी कुछ बयां करता है। उन्होंने एक ठोस नींव रखी है और टेस्ट प्रारूप में टीम को काफी मजबूत किया है। मैं उन्हें सीमित ओवर के प्रारूप की जिम्मेदारी उठाते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं।''

## टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में किया प्रवेश

# कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में, दीपिका और सालुंखे पहुंचे सेमीफाइनल में

- मधुरा और अभिषेक ब्रिटेन के एला व स्कॉट से हारकर बाहर
- धामनगांवकर और अभिषेक कांस्य के लिए मलेशिया से खेलेंगे
- शूट ऑफ में सालुंखे ने गागोज को 6-5 से हराकर सेफा में जगह बनाई

**शंघाई।** भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे।



### दीपिका अंतिम चार में कोरिया की लिम से भिड़ेगी

दीपिका क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से मात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सिहियोन ने प्रीक्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अंकिता भक्त को हराया था।

### सालुंखे ने पहले दौर में किया उलटफेर

वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।



### सालुंखे राउंड 32 में जापान से हार गई

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

### मिश्रित में दीपिका व धीरज स्पेन से हार गए

रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका और धीरज बोम्मादेवरा दूसरे दौर में स्पेन के एलिया कैनालेस और एंड्रेस टेमिनो मेडिएल से 1-5 से हार गए। भारत शनिवार को कंपाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच के अलावा दो स्वर्ण पदक मुकाबले खेलेगा।

### कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी

मधुरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी जबकि अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव और ओजस प्रवीण देवताले की कंपाउंड पुरुष टीम का भी सामना मैक्सिको से होगा।

## क्रिकेट

### धर्मशाला से जालंधर होते हुए विशेष ट्रेन से दिल्ली भेजा गया आईपीएल टीम को

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला से होशियारपुर के रास्ते जालंधर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया। कांगड़ा की पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। टीम फिलहाल विशेष 'वंदे भारत एक्सप्रेस' से नयी दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं। पाकिस्तान ने ड्रोन हमले के जरिए चंडीगढ़ के पास हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की, जिसके बाद भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस बीच पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच यहां खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को बीच में ही बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया गया था। अधिकारी ने कहा, ''शुक्रवार की सुबह खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और प्रसारण कर्मियों सहित दोनों टीमों के पूरे दल को लगभग 40 से 50 छोटे वाहनों में धर्मशाला से पंजाब की सीमा पर स्थित होशियारपुर ले जाया गया।'' उन्होंने कहा कि इस काफिले को कांगड़ा पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई और वाहनों के होशियारपुर पहुंचने के बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। वहां से उन्हें विशेष रूप से तैयार ट्रेन में सवार होने के लिए जालंधर ले जाया गया। अग्निहोत्री ने बृहस्पतिवार को मैच को बीच में रोकने के बाद सुरक्षा के बारे में कहा, ''स्टेडियम को 20 मिनट के अंदर खाली कर दिया गया था। हमारी पहली प्राथमिकता वहां मौजूद सभी लोगों की सुरक्षा थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को तुरंत मैदान से वापस बुलाया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच उनके संबंधित होटलों में भेज दिया गया।'' भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था।

### जेटली स्टेडियम में बम की धमकी निकली अफवाह

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को बम की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम के साथ बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और 'डॉग स्क्वॉड' की टीम अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचीं जो अफवाह निकली। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने पीटीआई को बताया, ''हमें डीडीसीए के पते पर ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। हमने तुरंत इसे दिल्ली पुलिस को भेज दिया। दिल्ली पुलिस के बम दस्ते ने आकर पूरे स्टेडियम की जांच की जिसमें कुछ भी नहीं मिला।'' दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि कई टीम को तुरंत स्टेडियम भेजा गया और पूरी जगह की अच्छी तरह से जांच की गई। सूत्र ने कहा, ''जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके अलावा हमने स्टेडियम के अंदर और इसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।''

## खास खबर

# अल्काराज ने चोट से वापसी पर लाजोविच को हराया



एजेंसी ▶▶| रोम

कार्लोस अल्काराज ने चोट से वापसी करते हुए इटालियन ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां सर्बिया के क्वालिफायर डुसन लाजोविच पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अल्काराज ने पिछले महीने मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था।

इससे पहले बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई थी। उनके बाएं पैर भी चोटिल था। चार ग्रैंड स्लैम विजेता का इस साल क्ले कोर्ट पर उनकी यह 11 मैचों में 10वीं जीत थीं। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज को अब 31वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिशेलसन या लास्लो जेरे ये भिड़ना होगा। इटालियन ओपन से शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिस सिनर की वापसी हो रही है जो डोपिंग से जुड़े प्रतिबंध के कारण तीन महीने तक खेल से दूर थे।

### सिनर का पहला मैच मारियानो से होगा

सिनर और अल्काराज ड्रॉ के अलग-अलग वर्ग में है। सिनर का पहला मुकाबला शनिवार को 99वीं रैंकिंग वाली मारियानो नवोन से होगा। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरिना सबालेंका ने महिलाओं के टूर्नामेंट में अनास्तासिया पोटापोवा पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की।


### मैनचेस्टर और टोटेनहैम यूरोपा लीग के फाइनल में

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने आसान जीत के साथ यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। इंग्लैंड की इन दोनों टीमों की इंग्लिश प्रीमियर लीग में स्थिति अच्छी नहीं है लेकिन यूरोप की दूसरे स्तर की प्रतियोगिता यूरोपा लीग को जीतने पर उन्हें चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी। यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में सेमीफाइनल के दूसरे चरण में एथलेटिक बिलबाओ को 4-1 से हराया और इस तरह से स्पेन के क्लब के खिलाफ कुल मिलाकर 7-1 से जीत हासिल की। टोटेनहैम ने नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिम्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से पराजित करके कुल 5-1 से जीत हासिल की।



### भुल्लर, चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल

**टोक्यो।** गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है। चौरसिया ने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी कर पार 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में भी 71 का कार्ड खेला था जिससे वह संयुक्त 52वें पायदान पर है। इस बीच जीव मिल्खा सिंह (73, 70) एक शॉट से कट में प्रवेश करने से चूक गये। अन्य भारतीयों में युवराज संधू (71-74), राहिल गंगजी (75-70), अजितेश संधू (73-72) और शिव कपूर (73-74) का कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।



## तीन गेम के कड़े मुकाबले में प्रतिस्पर्धी को हराया

# उन्नति, आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| ताइपे

- उन्नति ने जापान की हुंग को दी शिकस्त

युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सत्रह साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मास्टर्स 2023 की चैंपियन के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी की चुनौती होगी। जापान की इस खिलाड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ताइपे की सियांग लिन को 17-21, 21-8, 21-17 से हराया।



विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष को भी अंतिम आठ की बाधा पार करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

### आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को दी मात

पिछले दौर में अनुभवी किदांबी श्रीकांत को हराने वाले आयुष ने कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी। टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं को हराकर उलटफेर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोऊ टीएन चेन और इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदुल्लाह के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी।

## कपिल ने कहा, मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं

# भारत में रोहित जैसा क्रिकेट खेलने वाले बहुत कम लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको चौंका दिया था

अपने जमाने के दिग्गज आलराउंडर कपिल देव ने कहा कि भारत में बहुत कम लोग रोहित शर्मा की तरह क्रिकेट खेलने और उनकी तरह राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने का दावा कर सकते हैं। रोहित ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेकर सभी को चौंका दिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर में 67 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत तथा 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4301 रन बनाए। कपिल ने कहा, ''उन्होंने बहुत अच्छी क्रिकेट खेली है। समय के साथ जिस तरह से उन्होंने खुद को ढाला और कप्तानी की, विशेषकर जिस तरह से उन्होंने क्रिकेट खेली, भारत में उस तरह की क्रिकेट बहुत कम लोगों ने खेली है। मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं।'' पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे प्रारूप में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे।



### टीम का कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम

यह पूछे जाने पर कि आने वाले वर्षों में भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा उम्मीदवार कौन है, कपिल ने बस इतना कहा कि कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम है। उन्होंने कहा, ''कुछ चीजें और जिम्मेदारियां चयनकर्ताओं पर छोड़ देनी चाहिए। वे नया कप्तान ढूंढेंगे। हमें ज्यादा राय नहीं देनी चाहिए क्योंकि चयनकर्ताओं का अपना काम है और जब बात भारतीय टीम की हो तो वे जिम्मेदारी के साथ अपना काम करेंगे।''

### रोहित की जगह लेना मुश्किल

कपिल ने कहा, ''वे जिसे भी कप्तान नियुक्त करेंगे वह भारतीय टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। हालांकि रोहित की जगह लेना मुश्किल है, लेकिन किसी को तो यह जिम्मेदारी लेनी होगी।'' पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही कप्तानी करते नजर आएंगे। अब भारत को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की सीरीज के लिए नए कप्तान की जरूरत होगी।

## अचूक मार करने वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें बनेंगी यूपी की राजधानी लखनऊ में

# आज राजनाथ सिंह करेंगे नई फैक्ट्री का उद्घाटन, 2026 से शुरू होगा उत्पादन

### प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प होगा पूरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे मिलिट्री टेंशन के बीच देश रक्षा उत्पादन में एक और मील का पत्थर गढ़ने जा रहा है। देश में सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन शुरू होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रही है। रविवार को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में मिसाइल फैक्ट्री स्थापित की गई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा 300 करोड़ रुपए के निवेश के साथ इसे विकसित किया गया है। इस यूनिट से प्रति वर्ष 80-100 मिसाइलों का उत्पादन किया जाएगा। ब्रह्मोस-एनजी हल्की, छोटी, और कम रडार क्रॉस-सेक्शन वाली मिसाइल है, जो 2026 से उत्पादन शुरू करेगी। नए यूनिट से भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता को मजबूत होगी।




ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया के संयुक्त उद्यम, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, द्वारा विकसित किया गया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मॉस्कवा नदियों से लिया गया है, जो ताकत और शांति का प्रतीक है। यह मिसाइल मैक 2.8 की गति और 800 किमी तक की रेंज के साथ दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है। इसे जमीन, समुद्र, हवा, और पनडुब्बी से लॉन्च किया जा सकता है। इस नये नवेले यूनिट को लखनऊ के सरोजिनी नगर क्षेत्र में 80 हेक्टेयर जमीन पर स्थापित की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2021 में मुफ्त प्रदान किया था। यूनिट को निर्माण से लेकर उत्पादन तक 3.5 वर्षों में पूरा किया गया, जो राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यूनिट को 300 करोड़ रुपये के निवेश के साथ बनाया गया



है। यह उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान की थी। प्रौद्योगिकीः यह यूनिट अत्याधुनिक विनिर्माण तकनीकों को अपनाएगी, जिसमें मशीनरी और परीक्षण के लिए नई तकनीकें शामिल हैं। यह उत्तर प्रदेश में एयरोस्पेस उद्योग को बढ़ावा देगी। लखनऊ नोड में ब्रह्मोस मिसाइलों के अलावा अन्य रक्षा उपकरण, जैसे गोला-बारूद, ड्रोन, और छोटे हथियार, का भी उत्पादन होगा।

#### रोजगार सृजन

यह यूनिट 500 इंजीनियरों और तकनीशियनों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगी। इसके अलावा, हजारों कुशल, अर्ध-कुशल, और सामान्य श्रमिकों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। डिफेंस कॉरिडोर के तहत अन्य परियोजनाओं के साथ, यह क्षेत्र में 3 हजार से अधिक नौकरियां सृजित करेगा।

#### आर्थिक विकास

यह परियोजना उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन का केंद्र बनाएगी। डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 12 अन्य कंपनियों को 117.35 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई है, जिनमें एयरोलॉय टेक्नोलॉजीज (320 करोड़ रुपये का निवेश) शामिल है, जिसके उत्पाद चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में उपयोग होते हैं।

#### निर्यात

लखनऊ में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलें न केवल भारतीय सेना के लिए होंगी, बल्कि फिलीपींस जैसे देशों को निर्यात भी की जाएंगी। वियतनाम के साथ 700 मिलियन डॉलर का सौदा अंतिम चरण में है।

---

## सैवैधानिक अधिकारों की दुहाई देते हुए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन लगाया


# गलत खबरों और अफवाह फैलाने वालों पर केंद्र की सख्त नजर, 8 हजार एक्स एकाउंट्स ब्लाक करने का दिया आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ चल रहे सैन्य तनातनी के बीच केंद्र की मोदी सरकार ने सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनल के माध्यम से कथित रूप से गलत खबर चलाने वाले या अफवाह फैलाने वाले एकाउंट्स को ब्लॉक करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों, एक्स हैंडलर्स के साथ देशभर में सबसे ज्यादा देखे जाने वाला यूट्यूब चैनल 4पीएम को पहले बंद किया गया फिर वरिष्ठ पत्रकार पुण्य प्रसून वाजपेयी का चैनल बंद किया गया, शुक्रवार को 'द वायर' ऑनलाइन न्यूज चैनल को भी बंद कर दिया गया। सभी ने अभिव्यक्ति की आजादी के संवैधानिक अधिकारों की दुहाई देते हुए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन लगाया है।

### भारत ने पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक किया

इसी क्रम में चूंकि एक्स के तमाम एकाउंट्स को सीधे केंद्र सरकार बंद नहीं कर सकती इसीलिए एक 'एग्जिक्यूटिव ऑर्डर' निकालकर पूर्व में ट्विटर अब एक्स के मालिक एलन मस्क को 8 हजार लोगों की लिस्ट थमाकर आदेश दिया है कि तत्काल प्रभाव से इनके एकाउंट्स ब्लॉक करो। भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और गलत सूचना प्रचार को रोकने के लिए ये कदम उठाया है। सभी सोशल मीडिया एकाउंट्स को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना। इस कार्रवाई ने सोशल मीडिया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, और सरकारी पारदर्शिता को लेकर व्यापक बहस छेड़ दी है। एलन मस्क ने सभी आठ हजार एक्स एकाउंट्स होल्डर्स को व्यक्तिगत मैसेज भेज कर जानकारी देते हुए बताया है कि हमें तय नियम के मुताबिक भारत सरकार के आदेश को मानना होगा। बतौर एकाउंट होल्डर आप सब एक साथ या एक एक कर भी कोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील कर सकते हैं। केंद्र सरकार के सूत्रों ने बताया कि यह कदम "पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाली गलत सूचना अभियानों" को रोकने के लिए उठाया गया। हालांकि, विशिष्ट अकाउंट्स के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए। एक्स पर इस विषय में बहस छिड़ गई है। इन आदेशों से असहमति जताई, इसे "सेंसरशिप" करार दिया। कंपनी ने कहा कि वह पारदर्शिता के लिए आदेशों को सार्वजनिक करना



चाहती थी, लेकिन कानूनी प्रतिबंधों के कारण ऐसा नहीं कर सकी। फिर भी, एक्स ने अनुपालन शुरू कर दिया, क्योंकि गैर-अनुपालन से कंपनी के स्थानीय कर्मचारियों को भारी जुर्माना और जेल की सजा का खतरा था। एक्स ने प्रभावित उपयोगकर्ताओं को कानूनी सहायता लेने की सलाह दी। भारत ने पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक करने के साथ-साथ पाकिस्तानी कलाकारों और उनकी सामग्री, जैसे फवाद खान की फिल्म रिलीज, पर भी प्रतिबंध लगाया। यह कार्रवाई भारत-पाकिस्तान तनाव के जवाब में थी, जिसमें इंडुस जल संधि को निलंबित करने जैसे अन्य कदम भी शामिल थे। इन चैनलों को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार और सैन्य कार्रवाइयों, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में गलत सूचनाएं फैलाने का आरोप लगाया गया।

#### कानूनी आधार

भारत का सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (आईटी एक्ट) और आईटी रूल्स, 2021 सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था, या नैतिकता के आधार पर ऑनलाइन सामग्री को ब्लॉक करने का अधिकार देता है। हालांकि, एक्स ने आदेशों में सबूतों की कमी और पारदर्शिता की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए। यह पहली बार नहीं है जब भारत सरकार ने सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। 2021 में, किसान आंदोलन के दौरान भी कई एक्स अकाउंट्स और वेबसाइट्स को ब्लॉक किया गया था, जिसे सरकार ने "सार्वजनिक व्यवस्था" के लिए जरूरी बताया था।

---

### 6 जून तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत एनआईए स्लीपर सेल के बारे में पूछ रही

**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई हमलों के कथित मास्टरमाइंड और आरोपी तहव्वुर राणा को शुक्रवार नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 6 जून 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राणा को हाल ही में अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था। कोर्ट ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि राणा की हर 24 घंटे में मेडिकल जांच की जाए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी जाए। राणा को एनआईए मुख्यालय के हाई-सिक्योरिटी सेल में रखा गया है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में है। एनआईए की पूछताछ में राणा से उसके पाकिस्तानी हैंडलर, फंडिंग के स्त्रोत, और संभावित स्लीपर सेल नेटवर्क के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं। जांच एजेंसी को शक है कि राणा का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी गहरा संबंध था। एनआईए ने कोर्ट में कहा कि अगर उसे पूछताछ के लिए अधिक समय मिलेगा तो इस मामले में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

---

अमेरिका के बाद ब्रिटेन के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की बातचीत

## पाक के किसी भी उकसाने वाली कोशिश का दृढ़ता से जवाब देगा भारतः जयशंकर

▸ आतंकवाद से मुकाबला करने के मुद्दे पर केंद्रित रही वार्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


फाइल फोटो

सीमा-पार आतंकी ठिकानों की नेस्तनाबूद करने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। लेकिन भारत अपनी संयमित, केंद्रित और जिम्मेदारी से भरी कार्रवाई के बारे में लगातार दुनिया के तमाम देशों को तथ्यों के साथ अवगत कराने में जुटा हुआ है। विदेश मंत्री लगातार दुनिया के विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उनकी ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ फोन पर बातचीत हुई। जिसके केंद्र में आतंकवाद का मुकाबला करने का मुद्दा शामिल रहा। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि आज दोपहर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से फोन पर बात हुई। हमारी चर्चा मुख्य रूप से आतंकवाद से मुकाबले के मामले पर चर्चा करने पर केंद्रित थी। जिस पर जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। उन्होंने रूसी दूतावास में विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ को लेकर आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में भी शिरकत की।

### अमेरिकी विदेश मंत्री से हुई बातचीत

उधर, बीते गुरुवार देर रात एस.जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी फोन पर बातचीत की थी। जिसमें उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत के समर्थन के अलावा उसके साथ काम करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। भारत के विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में इसका जिक्र करते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की कार्रवाई केंद्रित और संतुलित रही है। अमेरिका के अलावा कई अन्य देशों के प्रतिनिधियों से विदेश मंत्री ने उक्त विषय पर बातचीत की है। जिसमें उन्होंने पाक के किसी भी उकसाने वाले प्रयास का दृढ़ता के साथ करारा जवाब देने के भारत के संकल्प को दोहराया है।

---

सीएम उमर अब्दुल्ला पहुंचे जम्मू

## पीड़ितों से की मुलाकात, इलाज और सहायता का दिया आश्वासन

एजेंसी ▶▶ जम्मू

गुरुवार रात जम्मू शहर और संभाग के अन्य हिस्सों में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा किए गए असफल हमलों के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए सीएम उमर अब्दुल्ला जम्मू पहुंचे। सीएम सीमा पार से हुई गोलीबारी में घायल हुए नागरिकों से मिले। उन्होंने जीएमसी जम्मू में पीड़ितों और अस्पताल के कर्मचारियों से



### *सेना किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार*

*जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को उरी सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद कहा कि सैनिकों का मनोबल ऊंचा है और भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं सीमावर्ती इलाकों के उन गांवों में गया, जहां नुकसान हुआ है। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।*

## जम्मू-राजस्थान वाली ट्रेनों के बदले रूट-टाइम

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा के लिहाज से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, कई ट्रेनों को री-शेड्यूल और कई के रूट्स डाइवर्ट किए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण ने जानकारी दी कि कुछ ट्रेन सेवाओं में आंशिक रद्दीकरण, पुनर्निर्धारण और मार्ग में देरी जैसी बाधाएं सामने आ रही हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपने यात्रा कार्यक्रमों की जांच करने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा न हो। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्री अपनी यात्रा से पहले नई जानकारी जरूर चेक करें और जरूरत पड़ने पर कोई विकल्प भी तैयार रखें। इस स्थिति के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे ने खेद जताया है और समुचित व्यवस्था करने का वादा किया है।

---

युद्ध के हालातों पर बोले मौलाना महमूद मदनी

## पूरा देश, सभी धर्म और मुसलमान भारतीय सेना के साथ, सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की हुई सैन्य कार्रवाई पर बड़ा बयान दिया है। मौलाना मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान की ओर से कोई युद्ध थोपने की कोशिश की जाती है, तो हम स्पष्ट और दो टूक शब्दों में यह ऐलान करते हैं कि पूरा देश, सभी धर्मों के लोग और विशेष रूप से मुसलमान, अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।



#### भारत हमारा वतन

मदनी ने कहा कि भारत हमारा वतन है। इसकी रक्षा करना हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। हमने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता का संदेश दिया है और आज जब हमारी सीमाओं पर खतरा मंडरा रहा है, तो हम अपनी सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की घोषणा करते हैं। हम हर स्तर पर देश में एकता, धैर्य और बलिदान की भावना को बढ़ावा देंगे।

### नया भारत घर में घुसकर मारता हैः मंत्री शेखावत



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत अब नापाक पाकिस्तान की ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवादियों व उनके आकाओं को कठोरतम दंड दिया जाएगा। यह नया भारत है, जो सक्षम और समर्थ है जो आतंकियों के घर में घुसकर मारता है।

---

पाक को लगा झटका, विश्व बैंक के प्रमुख बंगा बोले

## सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा-प्रदाता से अधिक नहीं



**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि बहुपक्षीय एजेंसी की भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि में सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कोई भूमिका नहीं है। बता दें, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की हत्या के बाद दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है।

---

# पाकिस्तानी झंडा फेंका, बलूचिस्तानी झंडा फहराया, 194वां देश बनेगा बलूचिस्तान किया दावा, यूएन में मान्यता के लिए लिखा पत्र, दिल्ली में जल्द बनाएंगे दूतावास!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका है। भारतीय सेना पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे हर दुस्साहसिक हमले को नाकाम कर रही है। इसी बीच पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी झंडे को उतार कर फेंक दिया है। पाकिस्तान के कब्जे से लंबे समय से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे बलोच लोगों को अब ऐतिहासिक सफलता मिली है। बलोच जनता ने अपने क्षेत्र में पाकिस्तानी झंडे उतारने शुरू कर दिए हैं और उनकी जगह बलूचिस्तान के राष्ट्रीय झंडे गर्व से फहराए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने जिस बलूचिस्तान को दशकों से दमन और अत्याचार में रखा गया, वहीं से अब आजादी की सबसे बुलंद आवाज उठ रही है। बलोच लोग अब अपने अधिकारों के लिए खड़े हो गए हैं और पाकिस्तान की एकता को खुली चुनौती दे रहे हैं। वहीं लंबे समय से पाकिस्तानी सेना के अत्याचार को सहने वाले बलूचिस्तान के लोगों के लिए ये समय सुकून देने वाला है। लोगों को जल्द ही पाकिस्तान से मुक्ति मिलने वाली है। इसी को लेकर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। देश के कई हिस्सों में लोग बलूचिस्तान का झंडा फहराकर जश्न मना रहे हैं।

*टुकड़ों में बंटा पाकिस्तान! बलोच लोगों ने भरी आजादी की हुंकार*



***बलूच अपनी संस्कृति को बचाना चाह रहेः*** *बलूचिस्तान को लेकर पाकिस्तान के सामने मौजूदा मुद्दा सिर्फ आजादी का है और बलूच अपनी संस्कृति को पाकिस्तान से बचाना चाहते हैं। 1948 से चले आ रहे इस विद्रोह ने अब और तेजी पकड़ ली है। हाल ही में सैन्य संघर्ष के बाद बलूचिस्तान के नेता और लेखक मीर यार बलोच ने, बलूचिस्तान की आजादी का दावा किया है।*

### जय भारत और जय बलूचिस्तान का नारा गूंजा

मीर यार लगातार भारत के समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि, प्रिय 140 करोड़ भारतीय भाइयों और बहनों, हम दो महान सभ्यताएं हैं। हम आपके साथ अपनी रोटी बांटते हैं, अपने सुख-दुख साझा करते हैं, और जब हम दोनों पर हमला होता है, तो आइए अपनी गोलियाँ भी साझा करें - ताकि हम मिलकर भारत माता और मातृभूमि बलूचिस्तान की रक्षा कर सकें। हमारी गोलियां हिंगलाज माता मंदिर की रक्षा करेंगी। हमारी गोलियां हमारे हिंदू भाइयों-बहनों को जबरन धर्मांतरण से बचाएंगी। हमारी गोलियां शांति लाएंगी और यही गोलियां आपकी विजय का मार्ग बनाएंगी। जय भारत! जय बलूचिस्तान!

#### मदद के नाम पर जिन्ना का धोखा

1946 में, जब ब्रिटेन से आजादी की संभावना दिख रही थी, तो कलात के खान ने कलात की आजादी की वकालत करने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को अपना वकील नियुक्त किया था। इसके बाद, 1947 में दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक में लॉर्ड माउंटबेटन, जवाहरलाल नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना के साथ कलात के खान शामिल थे। इस बैठक में यह तय किया गया कि कलात एक स्वतंत्र देश रहेगा। लेकिन जिन्ना ने खारन, लास-बेला और मकरान को कलात के साथ मिलाकर एकीकृत बलूचिस्तान बनाने का प्रस्ताव रखा। इसमें जिन्ना ने तमाम प्रलोभन इन चारों रियासतों को दिए, बावजूद इसके बात नहीं बनी। 11 अगस्त 1947 को कलात और मुस्लिम लीग के बीच हुए समझौते में कहा गया कि बलूचिस्तान, भारत और पाकिस्तान के साथ आजाद होगा। लेकिन कलात के खान ने तीन दिन पहले 12 अगस्त को आजादी की घोषणा कर दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109